# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, गुरूवार 27 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रुपया | वर्ष:- 14, अंक 54




कैग रिपोर्ट सार्वजनिक हो पीएसी... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • हरमनप्रीत के दो गोल की मदद से भारत ...

## सड़क हादसे में चार की मौत, तीन घायल

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार भोर एक कार के सड़क किनारे घर में घुसने से चार श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भूपियामऊ के पास भोर में लगभग तीन बजे अनियंत्रित होकर कार सडक के किनारे स्थित एक घर में घुस गयी। दुर्घटना में कार पर सवार चार श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी और तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रधिकारी नगर शिव नारायण वैश्य ने बताया कि कार पर सवार सभी श्रद्धालु प्रयागराज से महाकुम्भ पर संगम में डुबकी लगाकर अयोध्या क़ी तरफ जा रहे थे कि तभी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर एक घर में घुस गयी।

## शिवरात्रि पर मुख्यमंत्री ने किया पीतेश्वर नाथ मंदिर भरोहिया में पूजा अर्चना

शकुन टाइम्स संवाद

**पीपीगंज/गोरखपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पीतेश्वर नाथ मंदिर भरोहिया में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की . गोरखपुर जिले में पीपीगंज के पास नवसृजित ब्लॉक भरोहिया के प्रांगण में स्थित पीतेश्वर नाथ पर मंदिर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवजी की पूजा अर्चना की।

भरोहिया मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री बढ़या चौक निवासी वरिष्ठ हिंदू नेता मृत्युंजय सिंह के माता के स्वर्गवास पर शोक संतृप्त परिवार को संतान देने भी पहुंचे . उसके बाद कृषि वैज्ञानिक केंद्र चौकमाफी का निरीक्षण भी मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया . कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैंपियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह ,भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, मत्स्य



निगम बोर्ड के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय शंकर

♦ **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवजी की पूजा अर्चना की**

यादव, पीपीगंज चेयरमैन लक्ष्मण विश्वकर्मा,ब्लॉक प्रमुख सुनीता सिंह, संजय सिंह, दिनेश सिंह, शेषमणि त्रिपाठी, पशुपतिनाथ अग्रहरि, गणेश दत्त त्रिपाठी, राकेश चौधरी, अश्वनी जायसवाल, गोपाल सिंह, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी, मधुसूदन मिश्र, अमित सिंह मोनू, मुकुट मिश्रा, डा.दीपक सिंह, अनिल अग्रहरि, राजेंद्र मद्धेशिया, मनोज अग्रहरी, त्रिभुवन पासवान, गणेश सहानी, हरीकेश पासवान, अजीत सिंह , नरेंद्र सिंह, वंदना गुप्ता, दिलीप यादव, राघवेंद्र चतुर्वेदी, सुधीर सिंह, अरविंद मौर्या, दिलीप पांडेय, लालजी विश्वकर्मा, दिनेश यादव, कमलेश वर्मा,श्री केश मणि त्रिपाठी, प्रदीप छापड़िया, शशिभूषण पासवान, बुधिराम जायसवाल, अजय पांडेय आदि लोग उपस्थित रहें।

## मोहन सिंह बिष्ट होंगे दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुस्तफाबाद के विधायक मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। विधानसभा की ओर से 27 फरवरी के लिए आज जारी कार्यसूची में उपाध्यक्ष के निर्वाचन के बारे में जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रस्ताव करेंगी कि श्री बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना जाए। मुख्यमंत्री के प्रस्ताव का कैबिनेट मंत्री मनजिन्दर सिंह सिरसा समर्थन करेंगे। श्री बिष्ट के उपाध्यक्ष चुनने के लिए विधायक अनिल कुमार शर्मा दूसरे प्रस्तावक होंगे और गजेन्द्र सिंह यादव उनका समर्थन करेंगे। उपाध्यक्ष के चुनाव के बाद सदन में आबकारी नीति पर पेश की गई नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। कैग की रिपोर्ट में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में विभिन्न अनियमितताओं को रेखांकित करते हुये कठोर टिप्पणियां की गयी हैं। उल्लेखनीय है कि श्री बिष्ट छठी बार विधायक चुने गये हैं। उन्होंने इस बार मुस्तफाबाद से आम आदमी पार्टी के अदील अहमद खान को 17578 वोटों से हराया। श्री बिष्ट को 85218 वोट मिले। तीसरे नंबर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलेमिन (एआईएमआईएम) के मोहम्मद ताहिर हुसैन 33474 वोट मिले हैं।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने पर एफआईआर नहीं होगी

एजेंसी

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान नकल करते पकड़े जाने के बावजूद छात्र-छात्राओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होगी। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को मंगलवार को इस संबंध में स्पष्टीकरण भेजा है। लिखा है कि बोर्ड परीक्षाओं को शुचितापूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए शासन दृढ़संकल्पित है तथा सार्वजनिक परीक्षाओं को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले दोषियों के विरूद्ध निर्णायक एवं कठोर कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 को 15 जुलाई 2024 से लागू किया गया है। इस संबंध बोर्ड की 17 जनवरी 2025 की विज्ञप्ति एवं 10 फरवरी के आदेश से यह स्पष्ट किया गया है कि इस अधिनियम के अनुशास्ति या दंड के प्राविधान



परीक्षार्थियों पर लागू नहीं हैं। लिहाजा पुन: स्मरण कराया जा रहा है कि नए एक्ट की प्रस्तावना में स्पष्ट है कि परीक्षार्थियों को उनके भविष्य के मद्देनजर आपराधिक दायित्व से मुक्त रखा जाएगा। साथ ही अधिनियम की धारा-तीन में स्पष्ट है कि ह्यइस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन अनुशास्ति या दंड से संबंधित उपबंध उन परीक्षार्थियों पर लागू नहीं होंगे जो शैक्षणिक, तकनीकी, व्यावसायिक या अन्य योग्यता प्राप्त करने के लिए किसी सार्वजनिक परीक्षा सम्मिलित हो रहे हैं। लेकिन यदि ऐसा परीक्षार्थी सार्वजनिक परीक्षा में किसी पेपर का उत्तर देने में अनुचित साधनों का उपयोग करता हुआ या लिप्त पाया जाता है तो ऐसी परीक्षा के संबंधित प्रश्नपत्र की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और ऐसे परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम परीक्षा प्राधिकारी पूर्व निर्धारित नियमों के तहत घोषित किया जाएगा। लिहाजा अनुचित साधनों का उपयोग करने या लिप्त पाए जाने पर परीक्षार्थी के संदर्भ में नियमानुसार कार्यवाही करें तथा परीक्षार्थी के अलावा व्यक्तियों पर अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों के तहत निर्णायक एवं कठोर कार्रवाई कराई जाए।

# दोषी सांसदों पर आजीवन प्रतिबंध लगाना सही नहीं

■ केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर उस जनहित याचिका का विरोध किया है, जिसमें दोषी ठहराए गए राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। सरकार ने कहा कि अयोग्यता की अवधि विधायी नीति के दायरे में आती है। यह दावा 2016 में वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में प्रस्तुत एक हलफनामे में किया गया था, जिसमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। हलफनामे में कहा गया है, ''यह



सवाल कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।'' इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। हलफनामे में कहा गया है, ''यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।

अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर दोषी करार दिये गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के अलावा देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण का अनुरोध किया है। अपने हलफनामे में, केंद्र ने रेखांकित किया कि शीर्ष अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## पश्चिम में हाईकोर्ट की पीठ बनाने की मांग फिर उठी, विधायकों ने भी उठाया मामला

**सहारनपुर।** बहुत लंबे अर्से के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ या आगरा कहीं भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ बनाने की मांग फिर उठी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई विधायकों ने इस मांग को विधानसभा में भी उठाया है। सहारनपुर बेहट के विधायक उमर अली खान ने कहा कि पश्चिम के लोगों को न्याय पाने के लिए 700-800 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। राष्ट्रीय लोक दल के शामली के विधायक प्रसन्न कुमार ने कहा कि शामली से दिल्ली और चंडीगढ़ पास है तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट 700-800 किलोमीटर दूर है। समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने भी विधानसभा में यही मांग की। भारतीय जनता पार्टी विधायक धीरेंद्र सिंह और भाजपा की ही विधायक डा. मंजू सिवाच ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बनाए जाने की मांग जोरदार ढंग से उठाई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी दलों के बीच इस मांग को लेकर सहमति बनने से यह उम्मीद फिर से जगी है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच का बनाया जाना पश्चिम के करोड़ों लोगों की बड़ी जरूरत है।

# बिहार में नीतीश कैबिनेट का हुआ विस्तार

बीजेपी के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**पटना।** बिहार कैबिनेट विस्तार के तहत बुधवार को राजभवन में सात मंत्रियों ने शपथ ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में संजय सरावगी, सुनील कुमार, जिबेश मिश्रा और विजय कुमार मंडल समेत सात नये विधायकों ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट विस्तार में जातिगत समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है। नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सात विधायक हैं संजय सरावगी (दरभंगा), सुनील कुमार (बिहारशरीफ), जिबेश कुमार (जाले), राहु कुमार सिंह (साहेबगंज), मोती लाल प्रसाद (रीगा), विजय कुमार मंडल (सिकटी)



और कृष्ण कुमार मंटू (अमनौर)। भाजपा ने परंपरागत रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में पकड़ हासिल करने के लिए राजपूत, भूमिहार, कुर्मी और ओबीसी समुदायों सहित विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व करने पर रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित किया है। विशेष रूप से, पार्टी ने मिथिलांचल क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो आगामी चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। बीजेपी ने मिथिलांचल से दो सदस्यों को कैबिनेट में शामिल किया है। कृष्ण कुमार मंटू, जो छपरा जिले के अमनौर का प्रतिनिधित्व करते हैं, और विजय मंडल, जो अररिया के सिकटी क्षेत्र से हैं, दोनों से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में भाजपा की स्थिति मजबूत करने की उम्मीद है। रणनीतिक रूप से विभिन्न जातियों और क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल करके, नीतीश कुमार का मंत्रिमंडल सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है, जो राज्य चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जाति-आधारित राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, भाजपा का लक्ष्य पारंपरिक रूप से लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वोट बैंक में सेंध लगाना है।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में अलग-अलग घटनाओं में एक किशोर समेत तीन की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। 10 वर्षीय बालक शमी कुरैशी, एक ग्रामीण 19 वर्षीय मोबिन की मौत हो गई जबकि देवबंद-सहारनपुर स्टेट-हाइवे पर बाइक सवार 30 वर्षीय अभिषेक डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बुधवार को बताया कि नांगल बस स्टेंड पर पापकोन बेचने वाले 19 वर्षीय युवक मोबिन पुत्र गुलजार की बाइक की नांगल फ्लाई ओवर के नीचे बने अंडरपास में टक्कर हो गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और देर रात जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

चीन को सीधी चुनौती, कभी भी पहुंचेगी सेना

# अरुणाचल सीमा पर बनेगा 1400 किमी लंबा हाईवे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन सीमा के पास केंद्र सरकार ने बड़े हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे सीमांत इलाकों तक कनेक्टिविटी में इजाफा होगा, इसके अलावा सुदूर अरुणाचल प्रदेश से अन्य राज्यों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। अरुणाचल प्रदेश पर तवांग नाम से चीन दावा करता रहा है। ऐसे में उसके लिए इतने बड़े प्रोजेक्ट का ऐलान कर भारत ने उसे सीधा संदेश दिया है। मोदी सरकार के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में लगे एक



मेले के दौरान इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह हाईवे चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक सपने के पूरे होने जैसा होगा और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए यह गेमचेंजर बनेगा। रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ रुपये की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे, कोलकाता-चेन्नै हाईवे और जयपुर दिल्ली कॉरिडोर आदि पर बड़ी लागत लगी है, लेकिन रणनीतिक रूप से अहम प्रोजेक्ट्स की बात करें तो यह सबसे अहम होगा। यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से संवेदनशील ईस्ट कामेंग, बिशोम, अपर सुबानसिरी, शी-योमी, अनजॉ और चांगलांग जैसे जिलों से होकर निकलेगा। रिजिजू ने कहा कि इतना अहम प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के चलते ही मंजूर हुआ है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस हाईवे का कुल रूट 1400 किलोमीटर लंबा होगा और कई जगहों पर तो यह चीन की सीमा से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर होगा। अरुणाचल प्रदेश के जिस मेले में रिजिजू ने इस हाईवे का ऐलान किया, उसमें वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। बोसीमला मेले को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि यह इलाका नेशनल हाईवे से दूर है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsaApp करें।

9935781155, 9415052283

# दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार से पीड़ित बच्चे का सफलतापूर्वक इलाज

शकुन टाइम्स संवाददाता



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार से पीड़ित बच्चे का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

एम्स के प्रवक्ता सौरभ कुमार ने बुधवार को बताया कि चिकित्सा विशेषज्ञता के एक शानदार प्रदर्शन में, एम्स रायबरेली के बाल रोग विभाग ने एक लंबे और गंभीर बीमारी के बाद गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित एक छोटे बच्चे का सफलतापूर्वक इलाज किया और उसे छुट्टी दे दी। गौरतलब है कि 29 सितंबर, 2024 को मुंशीगंज निवासी भव्यांश नामक एक बच्चे को दोनों निचले अंगों में अचानक कमजोरी के साथ एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया था। कुछ ही घंटों में, बच्चे को पूर्ण पक्षाघात हो गया और वह स्वतंत्र रूप से सांस लेने में असमर्थ हो गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए, मेडिकल टीम ने तुरंत उसे बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई में स्थानांतरित कर दिया और उसे वेंटिलेटर पर रखा। डॉ. नमिता मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, जिनके अधीन बच्चे का इलाज किया गया था, के अनुसार, गिलियन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर की अपनी नसों को हानिकारक के रूप में पहचानती है और उन पर हमला करती है, जिससे मांसपेशियों और श्वसन पक्षाघात होता है। भव्यांश को पूर्ण पक्षाघात और गंभीर निमोनिया हो गया था, जिसके कारण वह दो महीने से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर रहा और पांच महीने तक अस्पताल में रहने के बाद उसे छुट्टी मिल सकी।

डॉ. नमिता ने आगे कहा कि बच्चे को कई उपचार दिए गए, जिनमें अंत:शिरा इम्युनोग्लोबुलिन, रक्त विनिमय, एंटीबायोटिक्स, ट्रेकियोस्टोमी, पैरेंट्रल पोषण और लंबे समय तक वेंटिलेशन शामिल हैं। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के सहयोग से, रक्त से हानिकारक एंटीबॉडी को हटाने के लिए प्लास्मफेरेसिस किया गया। ईएनटी विभाग ने ट्रेकियोस्टोमी की, जिससे बच्चे की सांस लेने में मदद मिली बाल चिकित्सा सर्जरी और शारीरिक एवं चिकित्सा पुनर्वास विभागों ने भी आवश्यकतानुसार पर्याप्त सहायता प्रदान की। पीआईसीयू में संकाय, निवासियों और नर्सिंग स्टाफ की समर्पित टीम ने बच्चे के माता-पिता के अटूट समर्थन के साथ बच्चे के ठीक होने में मदद की। व्यापक चिकित्सा प्रबंधन के बाद, भव्यांश ने उल्लेखनीय सुधार दिखाया।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की गई जान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** चोलापुर क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत वाराणसी आजमगढ़ हाईवे मार्ग पर तराव ग्राम स्थित मंगलवार देर शाम को बाइक के धक्के से स्थानीय गांव निवासी शिवकुमार गुप्ता व बाइक सवार दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए । जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम को उक्त गांव निवासी शिवकुमार गुप्ता (गोलई) 54 वर्ष वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पार कर रहे थे । तभी आजमगढ़ से वाराणसी जाते समय तेज रफ्तार बाइक सवार के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए । वही बाइक सवार भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय ग्रामीणो की मदद से घायलों को चोलापुर स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया । जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया , वही दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। जिसमें इलाज के दौरान गोलई गुप्ता उम्र 54 वर्ष पुत्र रामचंद्र गुप्ता जिसकी आज मृत्यु हो गई। मृतक के पत्नी का नाम संजू देवी है और इनका एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं जिसमें पुत्र की शादी हो चुकी है और दोनों पुत्री की शादी करना।

## संक्षिप्त सामाचार

### विधायक ने विधानसभा सत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यो को करवाने की मांग रखी

**गौराबादशाहपुर/ जौनपुर।** विधानसभा जफराबाद के सुभासपा विधायक जगदीश नारायण राय ने मंगलवार को चल रहे विधानसभा सत्र में जारी बजट को देखते हुए वर्षो पहले बंद हो चुके तिलकधारी मेडिकल कालेज के पुन: संचालन की मांग की है। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा जौनपुर के हौज सिरकोनी में स्थित ट्रामा सेंटर के लिए वेंटिलेटर मशीन, महत्वपूर्ण जांचों के लिए मशीन तथा स्टाफ को बढ़ाना आवश्यक है। योग्य चिकित्सको के नियुक्ति कर इस ट्रामा सेंटर को पूर्ण क्षमता के साथ चलाने की मांग की। पचेवरा गांव में आयुष के नए अस्पताल के निर्माण करने के लिए, नाथूपुर व कबिरुद्दीनपुर गांव में रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज के निर्णाण की मांग के साथ साथ जिले के लोगो के लिए अयोध्या-वाराणसी एवं लखनऊ- वाराणसी के लिए एक्सप्रेस वे बनाने की मांग की। साथ ही सिरकोनी ब्लॉक में एक सरकारी महाविद्यालय खोले जाने की मांग किया है।

### पुलिस का बदमाश के साथ एनकाउंटर,जवाबी फायरिंग में पैर पर गोली लगने से घायल

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रिंस उर्फ बंटी ने 21 फरवरी को बैंक मैनेजर मनजीत मिश्रा की हत्या की थी। थाना इकोटेक-3 पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सैनी सुनपुरा कट के पास मौजूद है। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। घायल आरोपी से एक तमंचा, कारतूस और मृतक का पर्स बरामद हुआ है। पर्स में मृतक के दस्तावेज और 20,000 रुपये नकद थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी के अनुसार, प्रिंस के खिलाफपहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में पता चला कि मनजीत मिश्रा की हत्या उनके साले ने करवाई थी। साले ने प्रिंस और उसके साथी को 15 लाख रुपये में हत्या के लिए हायर किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही मृतक के साले और एक अन्य आरोपी को जेल भेज चुकी है। फिलहाल घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चित्रकूट में मंदाकिनी तट पर श्रद्धालुओं का सैलाब

**चित्रकूट।** पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर भगवान मतगजेंद्र (भगवान शंकर) को जल चढ़ाया एवं कामद नाथ जी के दर्शन किए। अभी भी पूरे चित्रकूट में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा है। शाम तक यह संख्या 15 लाख तक पहुंचाने की संभावना है। प्रयागराज से श्रद्धालु संगम में स्नान करने के बाद भारी संख्या में चित्रकूट आ रहे हैं और आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान राम द्वारा स्थापित एवं स्वयंभू भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। चित्रकूट में प्रभु श्री राम ने अपने वनवास काल में शिवलिंग की स्थापना की थी। रामघाट में स्थित मतगजेंद्र भगवान के नाम से विख्यात मंदिर में चार शिवलिंग है जिसके बारे में पुराणों में भी वर्णन है एक शिवलिंग स्वयंभू है एक की स्थापना ब्रह्मा जी ने की थी और एक शिवलिंग की स्थापना प्रभु श्री राम ने अपने वनवास काल में की थी। लगभग 500 वर्ष पहले पन्ना नरेश ने भी अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर एक शिवलिंग की स्थापना की थी यहां पर चार शिवलिंग विद्यमान है जिन पर लोग जल चढ़ाने के लिए दूर-दूर से आते हैं। मुखारविंद के संत रामायणी जी ने बताया कि बीते एक माह से चित्रकूट में प्रतिदिन अमावस्या जैसी भीड़ लगातार बनी हुई है। चारों तरफ श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है मंदिरों में भारी भीड़ है।

# हर हर महादेव के नारे से गूंज उठा श्री गौरीशंकर धाम

## महाशिवरात्रि पर लगा भक्तों का रेला

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सुजानगंज /जौनपुर।** सुजानगंज मछली शहर रोड पर फरीदाबाद में स्थित श्री गौरी शंकर धाम पर मंगलवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूम धाम से मनाया गया। श्री गौरीशंकर धाम सुजानगंज में सोमवार से ही पूरी तैयारियां जोरों पर चल रही थी जिलाधिकारी जौनपुर ने भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे और आज भोर में 4 बजे मंदिर का दरवाजा खुलते ही हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए लाइन में लगे श्रद्धालुओं ने शिव जी को जल, बेलपत्र, धतूर, गाय का दूध, भांग, काला तिल, गंगाजल, नीलकंठ और पुष्प अर्पित कर भक्ति भावना के साथ पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाना शुरू कर दिया। जहां पर शिव भक्तों की लंबी कतारें देखते हुए प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त दिखी. सी सी टी वी कैमरे से पूरे मंदिर परिसर की निगरानी की जा रही थी। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गौरीशंकर पर जल चढ़ाया। सुरक्षा की दृष्टि से सुजानगंज के साथ साथ आसपास के थानों से पुलिस बल मौजूद रही। थानाध्यक्ष सुजानगंज राजीव मल्ल ने कहा कि हमारी पुलिस की टीम पैदल मार्च कर रही है जिससे कोई भी असुविधा किसी भी श्रद्धालु को न होने पाए और हर तरीके से प्रशासन लगा हुआ है. वहीं पर मंदिर के सचिव सुधीर तिवारी ने बताया कि भोर से ही श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आए हुए हैं और लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने जलअर्चन किया और हमारी मंदिर समिति लगी हुई है हर प्रकार से निगरानी की जा रही है।

# बाबा बैजनाथ धाम में विशाल भंडारा भव्य रूप से संपन्न हुआ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चोलापुर/ दानगंज।** विकास खंड चोलापुर क्षेत्र के दानगंज में नवनिर्मित बाबा बैजनाथ व माता सती मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु कलश यात्रा के पश्चात महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा बैजनाथ शिवलिंग व माता सती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन बुधवार को दानगंज बाजार में किया गया। उक्त भंडारे में दानगंज, सुआरी, पहाड़पुर, महमूदपुर, जरियारी समय दर्जनों गांव के हजारों आस्थावानों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

मौके परप्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार चौकी प्रभारी दानगंज आदित्य सेन सिंह फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। मौके पर प्रमुख रूप से राजू मौर्य, आनंद मौर्या, सत्येंद्र मौर्या, शैलेश सिंह, राजू मौर्या, अजय जायसवाल, अनूप गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुनील सेठ, रमेंश चंद्र राजभर, विपिन यादव, सतीश जायसवाल, संतोष यादव, गिरिश बरनवाल, विजय बरनवाल, अमित बरनवाल, अमित वर्मा मौजूद रहें।

### पिंडरा विधायक के प्रयास से संचालित भंडारे में युवा नेता दिया सेवा योगदान



**पिंडरा/वाराणसी।** पिंडरा विधानसभा के विधायक डॉ. अवधेश सिंह के प्रयास से सुचारू रूप से संचालित भंडारे में बुधवार को समाजसेवी भाजपा युवा नेता मनीष चौबे ने सेवा कार्य में योगदान दिया। उन्होंने 'यात्री सेवा केंद्र' बाबतपुर में पहुंचकर 'सेवा परमो धर्म:' और 'अतिथि देवो भव' की भावना को साकार करते हुए हजारों श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को भोजन व जलपान वितरित किया और उनकी कुशलक्षेम जानी। इस दौरान समाजसेवी मनीष चौबे ने कहा कि 卐सेवा भाव से जुड़कर सुखद अनुभूति हो रही है। भंडारे और सेवा कार्य में कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर भक्तों ने शिवालयों में की पूजा अर्चना

## ब्रह्ममुहूर्त से मंदिरों में शिव भक्तों की रही भारी भीड़, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर की महादेव की आराधना

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। नगर के प्राचीन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर महादेव की आराधना कर आरती वंदना की। जबकि तमाम भक्तों ने गंगा स्नान कर कावड़ में जल भर शिवालयों में महादेव पर चढ़ाया और पूजा अर्चना की। बुधवार को शिवरात्रि के पर्व पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करते शिव आराधना की। महाशिवरात्रि पर भक्त शिवमय हो गये। ब्रह्म मुहूर्त से ही शहर के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। त्रिवेणी के तट पर चल रहे महाकुम्भ का



आखिरी पुण्य स्नान करके श्रद्धालु निकट के शिव मंदिरों में पहुंचे। सभी प्रमुख शिव मंदिरों में महिला पुरुष कर्मी तैनात रहे। श्रद्धालु पूरी व्यवस्था और सुगमता के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने अपने गंतव्य स्थलों के लिए रवाना हुए। श्री राम मंदिर में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल की पत्नी व ससुर ने भी रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना की। शिवालयों में उमड़े श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के दौरान बिल्व पत्र, भांग, धतूरा, दूध, तथा फल-फूल आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि का त्योहार हिंदू धर्म के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव के विवाह की वर्षगांठ भी मनाई जाती है। मंदिर कमेटियों द्वारा कई प्रबंध किए गए हैं तथा मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइट से सजाया गया। जबकि गंगा तटों पर श्रद्धालु कांवड लेकर पहुंचे। जहां गंगा स्नान के बाद जलभर कर महादेव पर चढ़ाया और पूजा अर्चना की।

# ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन की सदर तहसील ईकाई की बैठक सम्पन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता




**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज तहसील की ग्रापए की बैठक मधुपुर मार्केट पत्रकार जयनाथ मौर्या के कैम्प कार्यालय पर पूर्व निश्चित समयानुसार बुधवार को तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के विस्तार और तहसील रावर्टसगंज इकाई के उपाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से विशाल कुमार के अनुमोदन पर जयनाथ मौर्य को सदर तहसील इकाई से चुना गया। इसी क्रम में महामंत्री पद पर पत्रकार बलवंत सिंह के अनुमोदन पर बृजेश कुमार सिंह को बनाया गया तथा अभिषेक कुमार जी के प्रस्ताव पर बलवंत जी को संगठन महामंत्री बनाया गया, परमेश्वर विश्वकर्मा को मंत्री बनाया गया।संगठन परिचर्चा के बाद आगे होने वाले जिला सम्मेलन की रूपरेखा तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों के हित के लिए स्वास्थ्य सुविधा, सरकारी बसों में यातायात के लिए सुविधा, और अन्य कार्यालयो में मिलने वाली सुविधा की मांग पूर्ण करने के लिए चर्चाएं की गई जिस पर श्री मिश्र अध्यक्ष ने विभिन्न मांगों को जिलाध्यक्ष के माध्यम से शाशन तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व तहसील अध्यक्ष रामकेश यादव,घोरावल उपाध्यक्ष सेराज अहमद , बलिराम मौर्य, बलवंत सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, नवनीत उपाध्याय, बृजेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, परमेश्वर विश्वकर्मा, कमल कौशल विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश मौर्य, राकेश कुमार, अमरजीत कुमार, रविंद्र कुमार सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने युवती को रौंदा, मौत

**अलीगढ़।** दादों थाना क्षेत्र में बुधवार को नगला भूड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इस दौरान आरोपी चालक सांकरा घाट से गंगाजल लेकर आ रही एक युवती को रौंदते हुए आगे निकल गया, जिसके कारण युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

वहीं पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गंगीरी थाना क्षेत्र के विद्यानगला निवासी 19 वर्षीय सरोज पुत्र रोहिदास अपने चचेरे भाई के साथ कांवड़ लाने गई थी। वह सांकरा घाट से जल लेकर गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान सुबह लगभग 3 बजे सांकरा रोड आलमपुर के पास हादसा हो गया।

### नीलगाय से टकराई विधायक की गाड़ी, वाहन क्षतिग्रस्त, चालक घायल



**जौनपुर।** केराकत के विधायक व पूर्व सांसद तूफानी सरोज की गाड़ी का दुर्गादेवी मंदिर के पास नीलगाय से टकराने का हादसा हुआ, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान विधायक सुरक्षित रहे, जबकि ड्राइवर के सिर पर हल्की चोट आई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सहायता की। बताया जा रहा है कि टक्कर के कारण कार के शीशे टूट गए और वाहन को भारी नुकसान हुआ। नीलगाय भी चोटिल हो गई। फिलहाल, विधायक तूफानी सरोज सुरक्षित हैं।

## महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ने वितरित किया फल और बिस्कुट



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मछलीशहर /जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर द्वारा रोडवेज परिसर में बनाए गए स्वागत शिविर में कुंभ मेले से स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नि:शुल्क बिस्किट, पानी, चाय, फल वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महाकुंभ के अंतिम स्नान पर सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूरे महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा की गई जो आज समापन के दौर में भी जारी है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी भी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी मछलीशहर, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी और तहसील तथा नगर पंचायत मछलीशहर के अधिकारी कर्मचारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

शकुन टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही भक्तों की कतार लग गई और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज रही। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है। यह शिव शंकर की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है।

श्रद्धालु प्रात्काल से ही स्नान कर अपने हाथ में पान, फूल, विल्वपत्र, धतूरा, मदार, दूर्वा आदि लेकर कतार में अपना नम्बर आने के इंतजार में ऊं नम शिवाय का निरंतर जप किए जा रहे हैं। मंदिरों में लंम्बी कतार लगी है। मंदिरों में घंट, घडियाल और शंख की ध्वनि वातावरण को आध्यात्मिकता से लबरेज कर रही है। तमाम शिव मंदिरों में महादेव का अभिषेक कराया जा रहा है। प्रयागराज में यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर के



बारे में बताया जाता है कि यह करीब 200 वर्ष प्राचीन और महत्वपूर्ण शिव मंदिरों में से एक है, जो शहर के मध्य स्थित है। मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां की पूजा से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। इस मंदिर का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी है। यह मंदिर कामेश्वर और कामेश्वरी का तीर्थ है। इस मंदिर में ऋण मुक्तेश्वर और सिद्धेश्वर महादेव का शिवलिंग भी है। इस मंदिर का पुराणों में भी उल्लेख मिलता है। यहां दूर दराज से शिवभक्त जलाधिभेक करने आते हैं। यह मंदिर नैनी ब्रिज के पास स्थित है। प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में यमुना नदी के किनारे सुजावन देव मंदिर है. यह मंदिर भगवान शिव और माता यमुना को समर्पित है। यह मंदिर विशेष रूप से उस स्थान पर स्थित है जहां स्थानीय लोग पूजा करते हैं। मंदिर में नियमित रूप से विशेष पूजा और अनुष्ठान होते हैं। यह मंदिर भक्तों के लिए शांति और आशीर्वाद का स्थान है, जहां वे भगवान शिव की उपासना करके अपने जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति पाते हैं। प्रशासन ने सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया है। यहां महिलाओं के लिए मंदिर में दर्शन पूजन के लिए अलग और अलग लाइन की व्यवस्था किया है। महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व होने के कारण भी दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद मंदिरों में मत्था टेक रहे हैं। शहर के सभी मंदिरों में लंबी लंबी कतारें लगी हैं। श्रद्धालु कतार में निरंतर ऊं नमः शिवाय मंत्र का जप कर रहे हैं। सोमेश्वर महादेव का मंदिर संगम नगरी प्रयागराज में भगवान शिव का एक ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां लोग गंभीर बीमारियों से निजात पाने के लिए आते हैं। मान्यता है कि इस अनूठे मंदिर की स्थापना खुद चंद्रदेव ने तब की थी, जब उन्हें श्राप की वजह से कुष्ठरोग हो गया था। पौराणिक कथाओं के मुताबिक् कुष्ठ रोग होने के बाद चन्द्रमा ने इसी जगह शिवलिंग स्थापित कर अपनी बीमारी से मुक्ति पाई थी। चंद्रदेव द्वारा स्थापित किये जाने और यहीं उनका कुष्ठरोग ठीक होने की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु निरोगी होने की कामना के साथ यहां दर्शन पूजन के लिए आते हैं। यहां शिव भक्त बड़ी श्रद्धा से पूजा करते हैं और इस मंदिर का विशेष महत्व महाशिवरात्रि के दिन होता है। इस मंदिर में भक्तों की आस्था के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा भी पूरे धूमधाम से होती है। बारा शिव मंदिर प्रयागराज के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक है, जो त्रिवेणी संगम के पास स्थित है। इस मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा होती है और यहां भक्तों की भारी भीड़ लगती है। इस मंदिर का इतिहास भी बहुत पुराना है और यहां भगवान शिव का अद्भुत रूप पूजा जाता है। पूरी दुनिया में तमाम शिव मंदिरों की अपनी अलग अलग मान्यताएं हैं। इसी प्रकार जिले में एक ऐसा भी शिव मंदिर है जहां लोग बंद किस्मत का ताला खोलने के लिए मंदिर में ताला बंद करते हैं। मन्नत पूरी होने के बाद तालों को खोल देते हैं। यह शिव मंदिर करीब 500 वर्ष पुराना है।



# आस्था का उमड़ा जनसैलाब
# लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## प्रशासन की व्यवस्था चाक-चौबंद, ओम महाशिवरात्रि सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर/ देवरिया।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर रुद्रपुर में लाखों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, तड़के रात्रि 12.15 पर मंदिर के कपाट खुलने के साथी लोगों का तांता लगातार देर शाम तक बना रहा और श्रद्धालु लाइनों में लगकर जो रुद्रपुर गौरी बाज़ार मार्ग तक फैला हुआ था कतारबद्ध होकर चोगा के माध्यम से भगवान शिव पर जलाभिषेक किये। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव जय शिव शंकर के नारों से गूंज रहा था। कई श्रद्धालु लगातार कई घंटो तक लाइन में खड़ा रहने के करण गश खाकर गिर पड़े जिनको प्रशासन द्वारा उचित जगह पर बिठाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया।



प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया ऊं महाशिवरात्रि सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। तमाम युवा वहां अपना फोटो शूट करते हुए नजर आए।

ईश्वर सर पर उप जिलाधिकारी रुद्रपुर शंकर लाल क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, शिवेंद्र कौंडिल्य श्वह्न नितेश गौरव, थाना प्रभारी रतन पांडे एवं तमाम तहसील कुर्मी और पुलिस विभाग के लोग व्यवस्था संभालते नजर आए इसके अलावा डिग्री कॉलेज के 60 स्काउट की छात्रायें वॉलिंटियर्स के रूप में व्यवस्था संभालने का कार्य किया। साथ ही साथ भाजपा युवा मोर्चा और पुलिस मित्र के लोग भी श्रद्धालुओं को सहयोग करने का कार्य कर रहे थे।

## महाशिवरात्रिः नशे के खिलाफ आधी आबादी ने चलाई मुहिम, निकाली गई शोभायात्रा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर मंगलवार 25 फरवरी को नशे के खिलाफ आधी आबादी ने मुहिम शुरु की है।इस दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी बेटियों व महिलाओं ने मिलकर नगर में नशे के खिलाफ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आश्रम पहुंचकर समाप्त हुई।

नगर के मोहल्ला पहलवारा स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाशिवरात्रि शोभायात्रा में परम पिता परमात्मा, शिव-लक्ष्मी नारायण राधे कृष्ण की मनमोहक झांकी को भी शामिल किया गया। आश्रम की प्रबंधक अमिता ने शोभायात्रा के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया कि लोगों को परमपिता के सत्य से परिचय कराना है। मानव जीवन में नैतिकता का पतन हो रहा है। उनका उत्थान कैसे हो उसकी विधि बताई गई है। आज इंसान नशा का गुलाम हो गया है। वह परमपिता की याद करके कैसे नशा छोड़कर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इसके बारे में भी बताया गया। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं ने पान, बीड़ी, सिगरेट व शराब छोड़ने की अपील की, जिससे मानव जीवन को संवारा जा सके। खराब जब छोड़ेंगे पांच विकार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार के स्लोगन बुलंद कर रही थी। शोभायात्रा आश्रम से निकलकर वीर विनय चौराहा, चौक, मेजर चौराहा, आंबेडकर तिराहा व वीर विनय चौराहा से होकर पहलवारा स्थित आश्रम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह, रणवीर, रविकर, सरिता, शकुंतला, ममता व पूजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा के लिए प्रर्याप्त मात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहे हैं।

## संक्षिप्त सामाचार

### 13 बोटा जंगली सागौन बरामद

**श्रावस्ती।** एक व्यक्ति की ओर से जंगल से अवैध कटान कर लकड़ी के बोटों को ट्रैक्टर ट्राली में पुआल में छिपाकर रखा गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर लकड़ी को बरामद कर लिया। पुलिस ने लकड़ी को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के खांवा खुर्द गांव में सीताराम पुत्र स्वामी दयाल के घर के पास लगे पुआल के ढेर के नीचे अवैध कटान कर जंगली सागौन की लकड़ी को छिपा कर रखा गया था। साथ ही कुछ लकड़ी व चिरान एक ट्रैक्टर ट्राली में रखकर छिपाई गई थी। मंगलवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मल्हीपुर थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय, उपनिरीक्षक साहब राव, उपनिरीक्षक अमित कुमार, आरक्षी विजय यादव, सर्वेश चात्रसिया व कमलेश गिरी की टीम ने छापेमारी की। जहां 13 बोटा सागौन व कुछ चिरान बरामद हुई। बरामद लकड़ी को जब्त कर पुलिस ने कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। ट्रैक्टर ट्राली समेत लकड़ी को पुलिस थाने ले आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झुलसी, भर्ती

**बहराइच।** जिले के जुलाहनपुरवा गांव निवासी एक महिला सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। महिला के घर वालों ने पति पर अवैध सम्बन्ध का विरोध करने पर जलाने का आरोप लगाया है। थाना मटेरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुलाहनपुरवा गांव निवासी सुबिया (35) पत्नी इमरान उर्फ बड़कऊ सोमवार रात आठ बजे के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। उसे आग बुझाकर मटेरा में स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष मदन लाल ने मौके पर पहुंच कर जांच की। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। रात 10 बजे के आसपास हालत में सुधार न होने पर महिला को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। महिला 90 प्रतिशत झुलस गई है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मायके के लोगों ने पति इमरान पर गंभीर आरोप लगाया है। महिला की भाभी सकीना का कहना है कि नन्द ने पति को दूसरी महिला के साथ देख लिया था। जिसका विरोध करने पर कमरे में बंद कर आग लगाकर जला दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष मदन लाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। महिला खाना बनाते समय आग लगने से झुलसी है।

### बाइक सवार पिता पुत्र पर पलटी बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**बहराइच।** गोंडा जिला निवासी पिता-पुत्र बेटी के रिश्ता के लिए बाइक से बहराइच जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में आए थे। वापस जाते समय बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पिता पुत्र पर पलट गई। जिसके चलते दोनों दब गए। पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों को बाहर निकलवाया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोंडा जिले के थाना परसपुर थाना के ग्राम सकतपुर निवासी कृष्ण गोपाल (70) अपनी पोती के विवाह के लिए रिश्ते की खोज करने के लिए अपने बेटे रविकांत (40) के साथ जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में आए थे। बाइक सवार पिता पुत्र रिश्ता देखने के बाद सोमवार शाम को वापस अपने घर गोंडा जा रहे थे। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम जैतापुर के पास शाम चार बजे के आसपास पहुंचे। तभी बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर बाइक पर ही पलट गई।

## घरौनी प्रमाण पत्र में गड़बड़ी पर लेखपाल निलंबित

शकुन टाइम्स संवाददाता


**गोंडा।** घरौनी प्रमाण पत्र बनाने में गड़बड़ी करने वाले सदर तहसील के लेखपाल संतोष शर्मा को जिलाधिकारी के आदेश पर निलंबित कर दिया गया है। जांच में आप की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। सदर तहसील के ग्राम बादोपुर दिखलौल के निवासी राम सुहावन और अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि घरौनी प्रपत्र के सर्वेक्षण में लेखपाल द्वारा गंभीर अनियमितता बरती गई है।उनके अनुसार, भूखंड संख्या 81/2 पर उनका वास्तविक कब्जा है, लेकिन लेखपाल ने इस भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज कर दिया है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उप जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार गुप्ता को जांच का जिम्मा सौंपते हुए तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि निर्मित बाउंड्री वॉल के भीतर स्थित भूखंड 81/2 आवेदकों के स्वामित्व में है और उन्हीं का कब्जा है। लेकिन लेखपाल संतोष शर्मा ने इस भूखंड को गलत तरीके से कुसुमा (पत्नी रामयज्ञ) के नाम दर्ज कर दिया, जिससे प्रशासनिक दस्तावेजों में भू-संबंधी अनियमितता उत्पन्न हो गई। रिपोर्ट में लेखपाल की गलती प्रमाणित होने के बाद, अपर उप जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी किया। इस मामले की विस्तृत जांच के लिए नायब तहसीलदार धानेपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो पूरी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी कि अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई।

## नि:शुल्क ए एल एस एम्बुलेंस सेवा प्रदान की है, जिसका संचालन मेड केयर 365 प्राइवेट लिमिटेड संस्थान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए नि:शुल्क ए एल एस एम्बुलेंस सेवा प्रदान की है, जिसका संचालन मेड केयर 365 प्राइवेट लिमिटेड संस्थान द्वारा विगत 4 वर्षों से किया जा रहा है। ए एल एस एम्बुलेंस अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है जिसमें वेंटिलेटर, मॉनिटर, सिरिंज पंप इत्यादि उपकरण मौजूद हैं, जो गंभीर मरीजों की जान बचाने हेतु प्रयोग की जाती है, संस्थान द्वारा तैनात ईएमटी और पायलट का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला सभागार में सीएमओ डॉक्टर आशुतोष दुबे, सी एम एस डॉक्टर राजेंद्र ठाकुर और ए सी एम ओ डॉ ए के चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में मरीजों की त्वरित चिकित्सा प्रदान करने हेतु मेड केयर द्वारा तैनात



प्रशिक्षक विकास पाण्डेय ने मरीजों को अस्पताल पहुंचने तक जान बचाने हेतु प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इस मौके पर बेहतर कार्य करने वाले ईएमटी और चालकों को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में ऑपरेशन हेड जोगेंद्र सिंह, मंडल प्रबंधक शालीन सिंह, मेंटीनेंस हेड अनुज सिंह, एच आर शिवम बाजपेई, मेंटीनेंस सुपरवाइजर अमन शुक्ला, राज और विजय चौधरी मौजूद रहे

## लापरवाह कर्मचारी को ईओ ने किया निलंबित

**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी ने आईजीआरइस के मामलों में लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। जबकि सुपरवाइजर और आरआई का वेतन रोक दिया है।मुख्यमंत्री पोर्टल पर समस्या को लेकर शहर के लोग शिकायत करते हैं।लेकिन नगर पालिका परिषद बहराइच के कर्मचारी इस शिकायत का संज्ञान और जानकारी ईओ प्रमिता सिंह को अंतिम समय देते हैं। इससे विभाग की छवि खराब होती है। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने नाराजगी जताते हुए इसे शिथिल कार्य बताया। उन्होंने मंगलवार को कार्य में लापरवाही के चलते टीकाकरणकर्ता राम जी तिवारी को निलंबित कर दिया है। जबकि आरआई संजय कुमार और सुपरवाइजर सुभाष का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

## ओबीसी पार्टी अंजली निषाद को लड़ाएगी चुनाव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गांगी बाजार/ महाराजगंज।** नरकटहा में मृतक धर्मात्मा निषाद के घर जनप्रतिनिधियों का आना सांत्वना देना आर्थिक सहयोग देना जारी है। इसी क्रम में बुधवार को ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यादव ने धर्मात्मा निषाद के स्वजनों से मुलाकात करके सांत्वना दिया तथा परिवार को आर्थिक सहयोग व बेटी कृष्विका के नाम से एक लाख की एफडी देने की घोषणा किया। तथा ओबीसी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि जो स्वर्गीय धर्मात्मा निषाद का सपना था विधायक बनने का, वह सपना मैं अपने पार्टी से उनकी पत्नी अंजली निषाद को चुनाव लड़ा कर तन, मन, धन से सहयोग करके विधानसभा भेजने का कार्य करेंगे। तथा उन्होंने सरकार से मांगा किया



कि धर्मात्मा निषाद के पत्नी को सरकारी नौकरी व परिवार एक करोड़ की सहायता राशि दी जाए जिससे परिवार की रक्षा हो सके। तथा उन्होंने कहा कि मैं ओबीसी समाज अनुरोध करता हूं कि जाति के नेताओं के चक्कर में न पड़ें क्योंकि यह हमें जातियों में बांट कर एक दूसरे से लड़ाने का काम करते हैं तथा यह परिवार वादी होते हैं। यह नौजवान जो नहीं रहा वह इसी जातिवादी व परिवारवादी पार्टियों के कारगुजारी का हश्र है। जो एक परिवार से पत्नी से पति, बेटी से पिता, माता से पुत्र का शाया हट गया। ओबीसी पार्टी न्याय की मांग करती है यदि न्याय नहीं हुआ तो पार्टी निश्चित तौर पर सड़क पर उतरकर लोकतांत्रिक संवैधानिक तरीके से चाहे कोई भी हो उसे फांसी के फंदे पर चढ़वाने का व न्याय दिलाने का काम करेगी।

## खेल में हिस्सा लेना जीत हासिल करने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता हैः मनीष

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के पड़रौना विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा मनिकौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में क्रांति स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट कार्यक्रम के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पड़रौना नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि वर्तमान मोबाइल युग में खेल के मैदान से नाता रखने वाला आज के युवा लम्बा व स्वस्थ जीवन जीने के लिये अभी से तैयार है। बदलते परिवेश में जिस तरह समाज खेल के मैदान से दूर होते जा रहे है। ये घोर चिंताजनक है। प्रतिभाओं से भरी हमारी भारत भूमि में ग्रामीण क्षेत्र के ये बच्चे निश्चित तौर पर आज स्थानीय तो कल को देश के लिए मेडल लाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता में जीत हासिल न कर पाने वालों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हिस्सा लेना खेल में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस दौरान उनके साथ कार्यक्रम के आयोजक संजय यादव ग्राम प्रधान, नंदलाल साहनी, नरेंद्र सिंह, सौखलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रमोद चौधरी, बुद्धि लाल यादव, रिक्की चौधरी, मार्कण्डेय सिंह, रामाशीष चौहान, कुबेर सिंह, लक्षमण प्रजापति सहित भाजपा विशुनपुरा मंडल पदाधिकारी राधेश्याम गुप्ता, हरिओम चौरसिया, ब्रजेश शर्मा, शिव कुमार गोस्वामी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र मद्धेशिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में आज सिवान व मैरवा के बीच खेला गया। मैरवा ने दो एक से सिवान से फाइनल मैच को जीत लिया।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा महाशिवरात्रि के दृष्टिगत इटहिया महादेव शिव मंदिर और कटहरा शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आने व जाने के मार्ग, पार्किंग, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं को देखा। मंदिरों पर बहुत अधिक भीड़ एकत्रित न हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिया।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर सहित मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए जलाभिषेक को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने हेतु निर्देशित किया और भीड़ प्रबंधन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिया।



दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण के उपरांत भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन अर्चन भी किया और सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। निरीक्षण के दौरान एडीएम डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम सदर रमेश कुमार, तहसीलदार निचलौल अमित सिंह सहित संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने किया शिव का जलाभिषेक

### प्राचीन गौरी शंकर मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कैम्पियरगंज/गोरखपुर।** क्षेत्र के प्राचीन गौरीशंकर मन्दिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से लगनी शुरू हो गयी थी इसकी व्यवस्था देखने के लिए पुलिस कर्मी जगह जगह मुस्तैद दिखे और कानून व्यवस्था को लेकर भोर से देर शाम तक डटे रहे।

हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी एवं थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह मन्दिर एवं मेले परिसर का निरीक्षण कर मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी तरह से मन्दिर परिसर का माहौल पवित्र एवं मर्यादित आचरण में बना रहे तथा सभी सुगमतापूर्वक भोले शिव का दर्शन एवं जलाभिषेक कर सकें इसे लेकर दर्शनार्थियों की



अलग-अलग कतारें बनाईं गई है और पाकेट मारों पर नजर रखी जा रही है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मन्दिर परिसर में शांति व्यवस्था बना रहे इसके लिए पर्याप्त महिला पुलिस कर्मी एवं अन्य कांस्टेबल तथा एस आई की तैनाती की गई है। किसी प्रकार से कोई परेशानी नहीं देखी गयी है सभी चेक प्वाइंट पर पुलिस कर्मी जगह जगह मौजूद हैं। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी कर मैनी घाट आशीष कुमार त्रिपाठी,एस एस आई मनीष तिवारी, एस आई ज्ञान प्रकाश शुक्ला,आशीष चौधरी सहित दर्जनों पुलिस कर्मी एवं राजस्व कर्मी आदित्य कुमार मौजूद रहे।

## हर हर महादेव की जयघोष से गूंजयमान हुआ शिवालय

### शिवभक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालु शिवमंदिरों में कतार बद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुट गए। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पावन पर्व के इस वेला पर महिलाएं जहा दिन भर उपवास रख घर-परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना कीं। वहीं शिवालय परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। जनपद के कुबेरस्थान स्थित द्वितीय काशी के नाम से ख्याति प्राप्त प्राचीन शिव



मंदिर में ब्रह्म बेला से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर पीठाधीश्वर व उनके सहयोगी पुजारियों ने रात्रि करीब ढाई बजे से महाशिव आरती एवं पूजन कर मंदिर की कपाट आम लोगों के लिए खोल दिया। मंदिर में पहुंचे लोग हाथों में धतूरा, अक्षत, गुड़, चंदन, मधु, दूध, गंगाजल आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर कालो के काल महाकाल की विधिविधान से पूजन-अर्चन की। इस दौरान मंगल गीत और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठा। मंदिर में श्रद्धालुओं और मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पडरौना नगर के भारतीय शिवाला, भूतनाथ, बुढ़िया माई मंदिर, राजदरबार स्थित राधाबल्भ मंदिर, छावनी के भन्नूनाथ, महादेव मंदिर, रामपुर मटिहनिया, लमुहा समेत शहर के आसपास शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच कर भांग, धतूरा, बेलपत्र, दूध आदि चढ़ाकर विधिविधान से भगवान मृत्युजंय की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।तमकुहीरोड स्थित शिवाघाट के बाबा पंचेश्वरनाथ मंदिर, जवाहरनगर के विश्वकर्मा शिव मंदिर, पकड़ीहार के बाबा विंदेश्वरीनाथ शिव मंदिर, जीनबाबा शिव मंदिर, रामजानकी शिव मंदिर, स्वर्णनगर के व्रह्मस्थान, कतौरा, बिजली घर, चखनी, सलेमगढ़, अहिरौली मिश्र, दुबौली, दौनाहा, तिवारीपट्टी, मलाहीटोला, राजपुर खाश, व्रह्मपुर, बभनौली, भगवानपुर, अहिरौलीदान, संतपट्टी आदि शिवमंदिरों में शिव भक्तों ने भगवान नीलकंठ की पूजन कर परिवार की सलामती और देश खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। इस तरह खड्डा क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग गई थी। कस्बा के हनुमान मंदिर, चीनी मिल शिव मंदिर, पथलेश्वरनाथ मंदिर, केन यूनियन, काली मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में लोगों ने विधिविधान से पूजा की। कप्तानगंज कस्बा समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। टेकुआटार के अमवा धाम शिवमंदिर में बृहस्पतिवार को भोर से ही लोग जुटने लगे। तमकुहीराज क्षेत्र के गाजीपुर, परसौनी, शिवसरेया, बसंतपुर, दवनहा, पथरवा, सलेमगढ, बहादुरपुर, बभनौली, उजारनाथ समेत रामकोला के धर्म समधा मंदिर परिसर में स्थापित शिवमंदिर में शिव भक्तों ने भस्मधारी को जलाभिषेक किया। इसके अलावा मथौलीबाजार पखैरेटवा चौराहा, मंगलपुर, रगडगंज, सिरसिया, गौनरिया आदि शिवमंदिरो भक्तो ने भोलेनाथ की विधिवत पूजा कर जलाभिषेक किया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर देर शाम तक चला सांस्कृतिक कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां/चंदौली।** क्षेत्र के सेवई का पुरवा (महादेवा) में महाशिवरात्रि के अवसर पर अतिप्राचीन वाणेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को सुबह कांवरियों द्वारा बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी मां भागीरथी गंगा तट से जल लाकर भक्तजनों द्वारा जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व श्रृंगार कर पूजन अर्चन - हवन किया गया ।

दोपहर में भोजपुरी लोकगीत बिरहा सम्राट विजय लाल यादव गाजीपुर और बिहार की रवीना रंजन के द्वारा भजन, लोकगीत, वीररस, चैती, फागुन सांस्कृतिक कार्यक्रम का जोरदार मुकाबला का आयोजन हुआ। आयोजको द्वारा मुख्य अतिथि प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे कलाकारों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कलाकारों को सम्मानित किया।

ग्रामीणों ने बेणेश्वर महादेव मंदिर तक इंटरलॉकिंग और गांव में अन्य कार्य कराने के लिए मंच से धन्यबाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि हम सभी को आस्था में विश्वास करना चाहिए। सुख-दुख में हमेशा भगवान को याद करना चाहिए। इश्वर हमेशा भक्तों का मदद करते हैं।आज जो भी परिस्थिति चल रही है उसे भगवान भोले नाथ ही पार करेंगे । शाम को गाजे बाजे के साथ शिव वारात की आर्कषक झांकी निकाली गयी । जिसमें विभिन्न देवी देवताओं का लाग विमान आर्कषक लग रहा था। इस अवसर पर आयोजक- अध्यक्ष प्रकाश यादव,संयोजक आनन्द यादव, अनिल यादव, प्रधान नारद यादव,पूर्व प्रधान उमेश यादव, तुफानी यादव,दिनेश यादव,बाबूलाल यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर किनेश्वर महादेव मंदिर से निकली शिव जी की भव्य बारात



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** क्षेत्र के रामगढ़ में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा कीनाराम मठ स्थित किनेश्वर महादेव मंदिर से ग्राम वासियों द्वारा भगवान शिव की भव्य बारात की झांकी पुरे गांव में हर्षोल्लास पूर्वक निकली गयी। इस दौरान गांव में जगह जगह ग्राम वासियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना तथा बरातियों का स्वागत किया। बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम जी द्वारा किनेश्वर महादेव की स्थापना हुई है। इस प्राचीन मंदिर प्रांगण प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन व रामचरित मानस पाठ तथा श्रद्धांलुओं द्वारा पुरे गांव में भव्य बारात निकली गयी। शिव बारात में मुख्य रूप से शिव के रुपमे त्रिभुवन सिंह,श्याम सदन गोंड, प्रभुनाथ पाण्डेय, ऋषिकेश यादव, अरविंद कुमार सिंह, राजेश सिंह,रफीक,अमृत प्रकाश सिंह, रमेश सिंह, अकारम अली,संदीप पाटिल,,अर्पित पाण्डेय, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, मुकेश साहनी, अशोक कुशवाहा, मुलायम यादव, रामकृपाल सिंह,किशन चौरसिया आदि लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### ट्रेन में यात्रा करते समय यात्री की मौत

**फिरोजाबाद।** वेस्ट बंगाल राज्य के थाना उत्तर बिनोदपुर क्षेत्र के गांव कच्ची मुहा रायगंज निवासी एक वृद्ध ट्रेन में सवार होकर दिल्ली जा रहा था तभी अचानक उसकी ट्रेन में मौत हो गई जीआरपी सबको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है वेस्ट बेंगल राज्य के थाना उत्तर बिनोदपुर क्षेत्र के गांव कच्ची मुंहा रायगंज निवासी 60 वर्षीय अशरफ अली पुत्र शमशेर अली मगध एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली अपने उपचार कराने के लिए जा रहा था। इटावा स्टेशन के समीप ट्रेन पहुंची ही थी तभी अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई जिसकी जानकारी टूंडला जीआरपी को दी जैसे ही ट्रेन रेलवे स्टेशन टूंडला पर पहुंची तभी जीआरपी ने शव को ट्रेन से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

### वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**फिरोजाबाद।** जिला अस्पताल के एम आई सी यू वार्ड में भर्ती एक वृद्ध की मौत हो गई स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है पंजाब राज्य के लुधियाना निवासी 67 वर्षीय मनोज गिरी पुत्र शिवप्रसाद गिरी एक साधु थे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई और वह स्वयं जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती हुए थे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम आई सी यू वार्ड में रेफर कर दिया जहां उनका उपचार चल रहा था बुधवार की प्रात: अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई परिवार का कोई व्यक्ति साथ में न होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है।

### स्थापना दिवस मनाया गया

**इटावा।** बुधवार को वाणिज्य कर कार्यालय में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। अपर आयुक्त-2 द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। संचालन ज्वाइन्ट कर्मचारी वनर्जी ने किया। कार्यक्रम में टैक्स बार एसोसिएशन के संरक्षक एचएन सिंह, अध्यक्ष इन्द्रेश दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल व कोषाध्यक्ष सोनू वर्मा सहित कर्मचारी, अधिवक्ता व व्यापारी उपस्थित रहे।

### मकान से जेवरात व नकदी चोरी

**बकेवर/इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा खुर्द कंला गांव में चोरों ने रात के समय सूने पड़े मकान का ताला तोड़ कर तीन लाख कीमत के स्वर्णाभूषण व तीस हजार की नगदी चोरी करके ले गए। चोरी की घटना के समय गृहस्वामी गांव में ही स्थित एक मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। नवादा खुर्द कंला गांव निवासी प्रविन्द्र सिंह गांव में ही रहकर अपने घर में ही परचूनी की दुकान चलाते हैं, पत्नी और बच्चे इटावा में रहते हैं। मंगलवार की रात 9 बजे के प्रविन्द्र अपने घर के मुख्य दरवाजे पर ताला डालकर गांव के बहार स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर चल रहे भजन कीर्तन सुनने के लिए गया था इसी का लाभ चोरों ने उठाया।

### शॉर्ट सर्किट से चार्जिंग गोदाम में आग

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के कटरा पुर्दल खां में स्थित एक ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते ई रिक्शा चार्जिंग गोदाम के बगल में स्थित लकड़ी की दुकान में भी आग लग गई जिसमें फर्नीचर की लकड़ी जलकर राख हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने किया जलाभिषेक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गहमर।** महाशिवरात्रि क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक कर अपने तथा अपने परिवार की कुशलता के लिए भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय गांव के अति प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचना शुरू हो गया। हर हर महादेव एवं जय भोलेनाथ के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। मंदिर के पुजारी उपेंद्र पांडे ने बताया कि भोर 4:30 बजे से श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचना शुरू कर दिए। भक्तों ने बुढ़वा महादेव का जलाभिषेक एवं दर्शन पूजन कर अपने तथा अपने परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में क्षेत्र के मनिहर वन स्थित मनभद्र बाबा मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। इसी क्रम में क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में महिला पुरुष एवं बच्चों ने भगवान महादेव का विधिवत दर्शन पूजन किया।

## आकांक्षी योजना में चहनियां ब्लाक को मिला तीसरा स्थान

### ब्लाक प्रमुख के प्रयास और विकास से मिला डेढ़ करोड़

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियां/चंदौली।** क्रिटिकल गैप्स योजनांतर्गत प्रदेश के चयनित गांवो में चहनियां ब्लाक को आकांक्षी योजना के तहत तीसरा स्थान मिला है। यह प्रयास क्षेत्र में विकास को लेकर ब्लाक प्रमुख को मिला है। शासन द्वारा डेढ़ करोड़ की मिली स्वीकृति का ब्यय शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए करेंगे। चहनियां ब्लाक आकांक्षी ब्लाक 2022 में घोषित किया गया था। जो मंगलवार को शासन द्वारा क्रिटिकल गैप्स योजनांतर्गत प्रदेश के चयनित सौ गांवो को आकांक्षात्मक विकास खंडों में से माह मार्च 2023 से 2024 तक ओवरहाल डेल्टा रैंकिंग ,विषयगत क्षेत्र और डेल्टा रैंकिंग के आधार पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है । शासन द्वारा डेढ़ करोड़ की राशि प्रोत्साहन राशि दी जा रही है ।जो प्रमुख अरुण जायसवाल को डेढ़ करोड़ रुपये क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में विकास करने के लिए मिला है। जानकारी देते हुए प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि चहनियां ब्लाक को पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है । जिसे शिक्षा के क्षेत्र में विकास कराने के लिए स्वीकृति प्रदान किया गया है। स्वीकृति धनराशि का उपयोग उसी विकास खण्ड में क्रिटिकल गैप्स के मार्गदर्शी सिद्धांतो के अंतर्गत अनुमन्य कार्यो हेतु किया जायेगा। इस धन को शिक्षा के क्षेत्र में विकास कराने के लिए स्वीकृत हुआ है। क्षेत्र में विकास के आधार पर सर्वे होने पर यह राशि विकास के लिए मिलता है। 2022 में हमारे द्वारा टीम बनाकर विकास का कार्य शुरू करा दिया गया था। जो प्रयास रंग लाया। अब तक के प्रमुख काल मे आकांक्षी योजनांतर्गत ब्लाक चयनित नही हुआ है। यह सब विकास के आधार पर ही होता है। कहा कि इस धनराशि का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र पूर्ण रूप से किया जायेगा। किसी अन्य मद में इसका खर्च नही होगा।

## जौनपुर का एक ऐसा हॉस्पिटल जहां डेढ़ लाख के इलाज होंगे मुफ़्त



शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** लाइनबाजार थाना क्षेत्र कंधरपुर में स्थित साल्वेशन हॉस्पिटल के फिजिशियन डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में रोड एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों को डेढ़ लाख का मुफ़्त इलाज किया जाएगा और वही यह भी बताया कि हमारे हॉस्पिटल में हर तरह की सुविधाएं मौजूद है अब आप सभी को कहीं बाहर इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा जो लोग बनारस इलाज के लिए जाते थे अब वह सुविधा कम पैसों में हमारे हॉस्पिटल में मिलेगा। वही डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि हमारा हॉस्पिटल 2021 में बना हुआ है वहीं अस्पताल में 100 बेड की व्यवस्था है साथ में आयुष्मान कार्ड धारकों का फ्री इलाज हो रहा है। अगर किसी का सड़क दुर्घटना होता है तो उसकी उपचार के लिए उनके अस्पताल ले जाइए डेढ़ लाख के फ्री इलाज इनके द्वारा प्रदान की जाएगी साथ ही रोड एक्सीडेंट में एफआईआर करना जरूरी है।

अगर आप नहीं कर पा रहे हैं तो डॉक्टर की लीगल टीम फिर दर्ज कराये गी और साथ ही पीड़ित का आधार कार्ड रहना अनिवार्य है। और वही डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध है जो आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क होगा। वहीं अगर आपके परिवार में 70 वर्ष से ऊपर के लोग हैं तो उनका आयुष्मान कार्ड अस्पताल में बन भी जाएगा। साथ ही साथ फ्री इलाज भी होगा। डायलिसिस करने के लिए दो तकनीशियन और दो बेड मौजूद है।

## बसूका के सिधेश्वर मंदिर में आज को होगा विशाल भंडारा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सेवराई।** तहसील क्षेत्र के बसूका गांव में चल रहे सात दिवसीय महारुद्री यज्ञ के दौरान महाशिवरात्रि के दिन विशेष पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया इस दौरान गांव के सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अभिषेक का विशाल भंडारा बृहस्पतिवार को सम्पन्न होगा। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष बसूका गाँव मे महाशिवरात्रि पर श्री सिधेश्वर महादेव मंदिर पर काशी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा महारुद्री अभिषेक के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है कार्यक्रम के आयोजक मिथलेश राय ने बताया कि अभिषेक के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे क्षेत्र के दर्जनों गावो के हजारों लोग इस महा प्रशाद को ग्रहण करेंगे।

## जलाभिषेक के बाद यज्ञ का शुभारंभ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गहमर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जल भराई का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। स्थानीय क्षेत्र के सायर महदेवा घाट स्थित शिव मंदिर से महाशिवरात्रि के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चों ने मंगलवार की सुबह जल भराई के कार्यक्रम का आयोजन किया। सैकड़ो की संख्या में भक्त सायर महदेवा मंदिर से गहमर नरवा गंगा घाट पहुंच कर पवित्र गंगा का जल सायर महदेवा मंदिर में भगवान भोलेनाथ को अर्पित कर अपने तथा अपने परिवार एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किये। डीजे की धुन पर नाचते गाते एवं हर महादेव के उदघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। देवाधिदेव के जलाभिषेक के उपरांत तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हो गया। इस कार्यक्रम में रोज पूजन अर्चन एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। जल भराई के कार्यक्रम में सुदिष्ट यादव, गप्पू शर्मा,गुलाब साह, अजीत चौधरी, राम अवतार चौधरी, गोलू चौधरी,गिरचंद चौधरी, रेखा, प्रियंका, मीना,जितेंद्र कुशवाहा, संदीप आदि लोग शामिल रहे।

## कजरहवा मेला आज से, लोगों की उमड़ी लाखों की भीड़



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली/मुगलसराय।** महाशिवरात्रि पर स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तहसील बिलारीडीह स्थित काशी विश्वनाथ मन्दिर ट्रस्ट द्वारा संचालित शिव मंदिर क्षेत्र में लगने वाले दो दिवसीय कजरहवा मेला आज बुधवार से प्रारंभ हो गया। इस मेले की सुरक्षा व्यवस्था तथा शिवालय पर होने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी एक दिन पूर्व ही कर रखी थी। वहीं मेले में लगने वाली दुकानों को एक दिन पहले ही दुकानदारों ने टेंट, तंबू व अन्य व्यवस्था कर लगा लिया था। आज प्रात: काल से ही मेले में सभी दुकानें सज गई हैं। जिसमें चाट, पकौड़ी, गुड़हवा जलेबी, फल-फूल सहित बच्चों के खिलौने व अन्य सामग्रियों की बिक्री शुरू हो गई है। वही मेला आयोजन कर्ताओं द्वारा भी मेले को लेकर काफी व्यवस्था की गई है। कहीं से किसी तरह की कोई भद्दगी या कोई हादसा ना हो तो इसको देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से उप जिलाधिकारी पीडीडीयू नगर एसडीम आलोक सिंह व सीओ आशुतोष मय पुलिस बल वहां कैंप किए हुए हैं। वहीं अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा अपनी पुलिस टीम के साथ मेले में चक्रमण करते दिख रहे हैं। बताते चलें कि कजरहवा मेला काफी पुराना मेला है जिसमें सांस्कृतिक आयोजन भी किया जाता है। इस मेले में दूर दूर से महिला पुरुष सभी आते हैं और लगातार दो दिन तक प्रवास कर मेले व सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद लेते हैं। बताया जाता है कि रात्रि में जगना पड़ता था इसलिये लोग काजल लगाया करते थे ताकि रात्रि में जगकर मेले में आयोजित सांस्कृतिक आयोजन,नाच गाने का आनंद ले सके। यही कारण है कि इस मेले का नाम कजरहवा मेला पड़ा।

### महाशिवरात्रि पर प्रधान पद के दावेदार सुनील पांडेय ने श्रद्धालुओं में किया प्रसाद वितरण

**धानापुर/ चंदौली।** क्षेत्र के महराई स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण मे धानापुर के दावेदार प्रधान पद के प्रत्याशी सुनील पांडेय द्वारा महाशिवरात्रि पर प्रसाद का वितरण किया गया। जिस पर मंदिर परिसर मे उपस्थित सभी भक्त गण प्रसाद लेकर मनमुग्ध हो गये। आज महाशिवरात्रि पर महराई स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की जल अर्पण के लिए काफी भीड़ भी रही। पांडेय जी के समर्थक भी साथ साथ रहे।




## मेडिकल कॉलेज में ऑर्थो विभाग पर गंभीर आरोप-डॉक्टरों की लापरवाही और कॉलेज प्रशासन की अनदेखी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** मेडिकल कॉलेज गाजीपुर इन दिनों सुर्खियों में है, यहां के ऑर्थो विभाग के डॉक्टर ने कॉलेज प्रशासन, विशेष रूप से प्रिंसिपल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब डॉक्टर वैभव सिंह की विवादास्पद गतिविधियों ने न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को आघात पहुँचाया, बल्कि मरीजों और अन्य कर्मचारियों में असंतोष भी पैदा कर दिया। गाजीपुर मेडिकल कॉलेज में ऑर्थो विभाग के डॉक्टरों द्वारा की गई कार्यशैली पर सवाल उठाए रहे हैं? रिपोर्ट्स के अनुसार यह डॉक्टर, न केवल अपने कर्तव्यों की उपेक्षा किया, बल्कि मरीजों के इलाज में भी लापरवाही बरती। हालात इतने बिगड़ गए कि कई बार गंभीर मरीजों की स्थिति को नजरअंदाज किया गया, जिससे उनके तबियत को नुकसान हुआ। ऐसा लगता है कि डॉक्टर वैभव सिंह ने न केवल अपने कर्तव्यों को नजरअंदाज किया, बल्कि कॉलेज प्रशासन के खिलाफ खुले तौर पर बगावत की भावना भी व्यक्त की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें डॉक्टर वैभव सिंह ने मरीज के परिजनों से कहा कि मैं अपने कुत्ते का भी इलाज इस अस्पताल में नहीं कर सकता...और .... और तुम्हारी बकैती एक सेकंड में उतार दूंगा। वह रे योगी सरकार के डॉक्टर, योगी सरकार की सरकारी योजनाओं का तो ध्यान रखना चाहिए। बताया गया कि एक पन्द्रह वर्षीय बालिका के पैर में चोट आने के बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गाजीपुर परिजनों द्वारा लाया गया और इलाज चल रहा था परंतु मंगलवार को पुन: दर्द होने पर हॉस्पिटल लाया गया, जिस पर ऑर्थो विभाग के डॉक्टर वैभव सिंह ने इलाज के समय परिजनों एवं कॉलेज के प्रिंसिपल पर गम्भीर आरोप लगाया।

सूत्र बताते हैं कि कॉलेज के प्रिंसिपल को इन घटनाओं का सही तरीके से संज्ञान लेने में विफलता का सामना करना पड़ रहा है। मरीज एवं उनके परिजनों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने इन गंभीर मुद्दों पर उचित कार्रवाई करने की बजाय, या तो उन्हें अनदेखा किया या फिर उन्हें हल्के में लिया। इससे न केवल अस्पताल में काम कर रहे अन्य चिकित्सकों में असंतोष बढ़ा, बल्कि कॉलेज की प्रतिष्ठा को भी धक्का लगा है। एक और गंभीर आरोप जो सामने आया है, वह है डॉक्टरों द्वारा वित्तीय लाभ की लालसा में मरीजों को गलत तरीके से इलाज करना। यह आरोप भी जांच के दायरे में है, और इसे लेकर कई मरीज, परिजन और अन्य कर्मचारी चिंतित हैं।



# महाकुम्भः आस्था का उमड़ा सैलाब, हादसों ने किरकिरा किया मजा

## योगी को मिली तारीफतो आलोचना भी झेली

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** महाकुम्भ का इस बार मेला घटनाओं से भरपूर रहा। दो दशकों से अधिक समय बाद इस मेले को लेकर विभिन्न चर्चाएं, आलोचनाएं, अवांछित घटनाएं और सबसे महत्वपूर्ण, गंगा और यमुना के संगम में पुण्य अर्जन के लिए 30 तीर्थयात्रियों की पांवों तले दबकर मौत और सैकड़ों घायल हो गए। मेला इतिहास में दर्ज हुआ। पांवों तले दबकर असामयिक मौत यही समाप्त नहीं हुई। दिल्ली स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन चढ़ते समय भारी भीड़ में 18 लोगों की मृत्यु भी एक दुखद घटना रही।नेता पुण्य स्नान करने पहुंचे तो वहां तीर्थयात्रियों का जमावड़ा हो गया था। विभिन्न दिनों में आग लगने की घटनाएं हुईं, जिनमें कई तंबू जलकर राख हो गए।मौनी अमावस्या की रात को पुण्यकाल में स्नान करने के लिए जो भारी भीड़ उमड़ी, उसमें अगर लोग पांवों तले दबकर मरते तो मृतकों की संख्या और बढ़ सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, यही बचाव था। इस बार के महाकुम्भ मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया था, जिसके नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे। तीर्थयात्रियों की मौत और मेला स्थल पर प्रशासन की अव्यवस्था के लिए विपक्षी दलों के नेताओं और आम जनता ने योगी सरकार की आलोचना की। लेकिन योगी ने उनके शब्दों को महत्व न देते हुए कहा कि व्यवस्था में कोई कमी नहीं थी। जहाँ लगभग 10 करोड़ तीर्थयात्री पुण्य अर्जन के लिए संगम में स्नान करने के लिए एकत्रित हुए थे, वहाँ 30 तीर्थयात्रियों की मौत केवल एक दुर्घटना थी, और प्रशासन ने इस महाकुम्भ मेले को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए थे, फिर भी इस दुर्घटना को टाला नहीं जा सका, जो दुखद और मर्मस्पर्शी है।

## महाशिवरात्रि पर संगम की झांकी में महादेव ने लगायी डुबकी

### निराला नगर नर्मदेश्वर मंदिर में 1500 से अधिक भक्तों में वितरित की गई ठंडाई

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ** । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निराला नगर में चार पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महादेव की भव्य झांकी सजायी गई। इसमें तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की तर्ज पर बाबा भोलेनाथ को गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाते दर्शाया गया। निराला नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने आचार्यों की उपस्थिति में विधिविधान से बेलपत्र, गंगाजल, दूध, बेर, पुष्प आदि से पूजन-अर्चन किया। वहां दर्शन-पूजन के लिए सुबह पांच बजे से जो भक्तों का आगमन शुरू हुआ वह रात 12 बजे तक जारी रहा। मंदिर परिसर में समस्त पूजन अर्चन आचार्य रमाकांत मिश्र की अगुआई में किये गए वहीं बाबा भोलेनाथ की प्रयागराज के संगम जल में डुबकी लगाती सुंदर झांकी को पवन कुमार ने साकार किया था। इस आयोजन में संजय मिश्रा के दल ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए भक्तों ने भजन शिवजी बिहाने चले पालकी सजाइके, शिव की बारात आई है, शिवनाम जपने की रात आई हैश, श्मेरा भोला है भंडारी जैसे सरस भजनों का, झूमते हुए आनन्द लिया। इस अवसर पर सुभाष सिंह की ओर से ठण्डाई की सेवा दी गई। इस सेवा के चलते 1500 से अधिक भक्तों में ठंडाई और फल प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर के लिए प्रयागराज से संगम जल लाने की सेवा स्वयं अभिषेक अग्रवाल की ओर से दी गई थी।

## संक्षिप्त सामाचार

### हाथी-घोड़े डीजे-डांस के साथ निकली शिव बारात, लगे महादेव के जयकारे

**लखनऊ** । महाशिवरात्रि पर लखनऊ के शिवालय शिवमय हैं। मंदिरों में सुबह से भक्तों की लाइन लगी है। मनकामेश्वर मंदिर से लेकर सिद्धनाथ, कोतवालेश्वर, महाकाल मंदिर और बड़ा शिवालय में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। शिव भक्त गंगाजल, बेलपत्र और दूध से बाबा का अभिषेक कर रहे हैं। मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की 2 किलोमीटर से अधिक लाइन लगी है। इधर मोहनलालगंज में श्री काशेश्वर महादेव की बारात निकाली गई। बारात में भक्तों ने हर हर महादेव का जमकर उद्घोष किया। महंत देव्या गिरि ने भोर 2 बजे भगवान शिव का 101 लीटर दूध से अभिषेक किया। इसके बाद भव्य श्रृंगार हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे से मंदिर के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। भारी भीड़ को देखते हुए विशेष क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था की गई है। गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित है। जलधारी से जलाभिषेक की सुविधा दी गई है।

### महिला दरोगा पर हमला,परिचित के किराएदार ने मामूली विवाद पर की मारपीट

**लखनऊ** । राजधानी लखनऊ के मड़ियांव स्थित केशव नगर इलाके में किराएदार ने महिला दरोगा पर हमला कर दिया। महिला दरोगा अपने परिचित के घर मिलने आई थी। वहीं पर किराएदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद किराएदार ने हमला कर दिया। महिला दरोगा का नाम मंजुलता श्रीवास्तव बताया जा रहा है। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। एसीपी बृज नारायण सिंह ने बताया कि दरोगा मंजुलता गैर जनपद में तैनात हैं। लखनऊ में मड़ियांव इलाके में रहती हैं। वहीं पर पड़ोसी का किराएदार भानु सिंह से विवाद हो रहा था। इस उन्होंने बीचबचाव किया तो आरोपी ने उनके सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मामले में पूछताछ की जा रही है।

### प्राचीन शिव मंदिर से निकली भव्य बारात, सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया

**लखनऊ** । लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित इटौंजा में महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल देखने को मिली। प्राचीन निगोड़े नाथ शिव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। बुधवार दोपहर को निकली बारात में ऊंट, हाथी और ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते-गाते नजर आए। बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बारात का रूट अशोक रोड से शुरू होकर बड़ी बाजार स्थित शिवाला तक रहा। वीरेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक के बाद बारातियों को नाश्ता कराया गया।

### मरकज़ी चाँद कमेटी की तमाम मुसलमानों से रमज़ान का चाँद देखने की अपील

**लखनऊ** । मरकज़ी चाँद कमेटी फरंगी महल के सदर एवं इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली काज़ी-ए-शहर की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों की एक अहम् बैठक हुई जिसमें मौलाना ने तमाम मुसलमानों से अपील की कि वह 28 फरवरी 2025 दिन जुमे को रमज़ानुल मुबारक के चाँद देखने का एहतिमाम करें।

## महाशिवरात्रि पर अफसरशाही रही अलर्ट




शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व 2025 को सकुशल संपन्न करने के लिए हापुड़ के अधिकारी भी रहे अलर्ट, बता दें कि हापुड़ एडीएम एवं एडिशनल विनीत भटनागर लगातार जनपद के प्राचीन मंदिरों का करते रहे निरीक्षण ताकि शिव भक्तों को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, तो वही गढ़मुक्तेश्वर के गांव कल्याणपुर प्राचीन शिवालय पहुंचे एडीएम तथा एडिशनल बाहरी पुलिस बल के साथ जहां पर गढ़ इंस्पेक्टर नीरज कुमार रहे मौजूद बता दें कि जहां पर शिव भक्तों से करी गई बातचीत व्यवस्था के प्रति, जैसे-जैसे शिव भक्त जलाभिषेक के लिए लाइनों में लग रहे , तो उधर व्यवस्था भी लगातार अपनी पकड़ बनाने में लगी हुई थी, तो वही व्यवस्था बनाने के प्रति लगातार अधिकारी प्राचीन मंदिरों का लगातार करते रहे निरीक्षण।

### किसान को मृत घोषित कर रोक दी थी पेंशन,24 घंटे में मंत्री ने फिर से शुरू करवाई

**लखनऊ।** लखनऊ के मोहनलालगंज के निगोहा निवासी माता प्रसाद को वृद्धावस्था पेंशन के सहारे अपना गुजारा करना था, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि उनकी पेंशन अचानक बंद हो गई। बेबस माता प्रसाद ने जब कई दफ्तरों के चक्कर काटे और कोई सुनवाई नहीं हुई, तो आखिरकार उन्होंने डीसीपी दक्षिणी से गुहार लगाई। मामला जब समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक को 24 घंटे के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने माता प्रसाद से संपर्क कर उनकी ई-केवाईसी पूरी करवाई और पेंशन फिर से चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। समाज कल्याण मंत्री ने खुद वीडियो कॉल पर माता प्रसाद से बात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि अब मार्च 2025 से उनकी पेंशन नियमित रूप से मिलेगी।

## महाशिवरात्रि पर शिव भोला मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### 24 घंटे का अखंड रामचरित मानस पाठ, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित शिव भोला मंदिर में महाशिवरात्रि पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से मंदिर परिसर में जल चढ़ाने के लिए हजारों भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर में विशेष आयोजन किए गए। शुभम, महेश, शिवम् और अंशु द्वारा 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू किया गया। पाठ के बाद भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के बाहर फूल, मलाई और पूजन सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं। पंडित शिवानंद मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है। पुलिस की विशेष तैनाती की गई है। मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए सफाई कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। सती पूजा के लिए आ रहे भक्तों को प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और पिछली बार से इस बार काफी श्रद्धालु जल चढ़ाने पहुंचे हैं। श्रद्धालु शिवम् श्रीवास्तव ने बताया कि वे पहले मनकामेश्वर मंदिर जाते थे। इस बार शिव भोला मंदिर में जल चढ़ाने का अनूठा अनुभव मिला। एक अन्य भक्त राजन शुक्ला ने कहा कि महाशिवरात्रि पर व्रत रखने का विशेष महत्व है। वे भजन संध्या के साथ व्रत रखेंगे। मंदिर परिसर में भक्तों की श्रद्धा और विश्वास से एक आध्यात्मिक माहौल बना हुआ था। लोगों का कहना था कि वे इस पावन दिन का पूरे साल इंतजार करते हैं।

# छपकोली श्यामेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ सकुशल संपन्न जल अभिषेक

## पुलिस प्रशासन का जबरदस्त बंदोबस्त, शिव भक्त पुलिस के कार्य से खुश

शकुन टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव छपकोली प्राचीन श्यामेश्वर महादेव मंदिर पर, जहां पर पहले ही हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा एवं एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ निरीक्षण कर रहे थे, तो वहीं बुधवार को जल अभिषेक के लिए खाकी ने पहले ही जबरदस्त खाका तैयार कर लिया था, इस प्राचीन शिवालय पर आए भारी शिव भक्त जल अभिषेक के लिए, लगी लंबी कतारें तो थाना बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय गुप्ता एवं इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ संभाल मुख्य गेट पर ही मोर्चा, जहां पर दोनों माइक के द्वारा शिव भक्तों से करते रहे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील, तो वहीं महिला पुलिस भी नहीं थी पीछे लगातार महिला से भक्तों से करती रही शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील, देखा जाए तो जल अभिषेक के दौरान छपकोली श्यामेश्वर महादेव मंदिर पर लगातार शिव भक्त जल अभिषेक के लिए हो रहे थे उतावले, उधर गंग नहर की पटरी से लेकर मंदिर परिसर शिव भक्तों के जयकारों से गूंज रहा था, तो वही थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता एवं इंस्पेक्टर आशीष कुमार लगातार शिव भक्तों से आराम के साथ जलाभिषेक करने की करते रहे अपील लगातार करते रहे मंदिर परिसर का निरीक्षण पुलिस बल के साथ, तो वहीं दोनों अधिकारी देते रहे शिव भक्तों को शिवरात्रि की भी शुभकामनाएं तथा जनपद वासियों के लिए करी महाशिवरात्रि के पर्व पर बनाएं शांति करें अपने मंदिरों पर जल अभिषेक, जहां पर सुबह ही हापुड़ एडीएम , एडिशनल एसपी, हापुड़ एसडीएम ने किया शिवालिया का निरीक्षण परखी व्यवस्था दिए आवश्यक दिशा निर्देश, तो वही महाशिवरात्रि के लिए मंदिर को एक दुल्हन की तरह सजाया गया था,जहां पर शिव भक्त भी कर रहे थे गुणगान पुलिस प्रशासन के कार्य का, जहां पर शिव भक्त पहुंच रहे थे कुछ पेट केवल भी अपनी आस्था के तहत, तो वहीं थाना बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि महाशिवरात्रि के चलते शिव भक्त जलाभिषेक के लिए प्राचीन मंदिर आ रहे हैं तथा हम सभी को बहुत अच्छा लगा शिव भक्तों की सेवा करने का हमें अवसर प्राप्त हुआ है तथा हम सदैव शिव भक्तों की सेवा में अपनी सेवा के लिए हाजिर रहेंगे इससे बड़ी सेवा कोई नहीं।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदान किया आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ के परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना हेतु आशय

- उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार को मिली नई गति
- सरकार की पहल से विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक शिक्षा का लाभ

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा ग्रेटर नोएडा में परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता को आशय पत्र प्रदान किया। यह निर्णय उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 संशोधित के तहत लिया गया है, जो राज्य में उच्च शिक्षा के संसाधनों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम प्रयास है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार उच्च शिक्षा में सुधार और नवाचार को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में नई शैक्षणिक योजनाओं और नीतियों के तहत उच्च स्तरीय संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का हब बनाया जा सके। ग्रेटर नोएडा में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के नए परिसर की स्थापना से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा, जिससे छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

ये उत्तर प्रदेश में दूसरा दूरस्थ केंद्र होगा, पहला जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में है। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि नए परिसर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की मांग के अनुसार शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी एवं शिपू गिरि उपस्थित रहे।

### केजीएमयू में बुजुर्ग महिला से टप्पेबाजी,मदद करने के बहाने उतरवाए जेवर

**लखनऊ** । राजधानी के केजीएमयू में इलाज कराने आई महिला से टप्पेबाज ने जेवर उतरवा लिए। बुजुर्ग अपने बेटे के साथ आई थी। जहां एक व्यक्ति मदद से बहाने बातचीत करने लगा। इसके बाद युवक को फॉर्म भरने के बहाने के वहां से भेज दिया। बुजुर्ग से जांच के नाम पर जेवर उतरवा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हुजुरपुर बहराइच निवासी अबीदुल्लाह खान पुत्र बऊर खान लखनऊ केजीएमयू में अपनी माँ जमीला खातून का इलाज कराने आए थे। उन्होंने बताया कि मां के शरीर में सूजन आ गयी थी। इसलिए लखनऊ के मेडिकल कालेज लाए थे। जहाँ डॉक्टर को दिखाने के बाद जाँच के लिए लिखा था। जांच कराने के लिए पीआरओ ऑफिस के पास खड़े थे। तभी एक व्यक्ति सफेद शर्ट व अगौछा डाले पास में आया। उसने कहा कि वो केजीएमयू में काम करता है।

## मोहम्मदी मिशन ने बांटा मासिक वजीफा,60 परिवरों को बांटा राशि

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ** । राजधानी में आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने तालकटोरा स्थित कार्यालय पर मासिक राशि वितरण किया। रमजान से पूर्व संगठन की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और विधवा महिलाओं को सहायता राशि दिया गया। संगठन के संरक्षक मुफ्ती इरफान मियां ने बताया कि इस माह 60 परिवारों को वजीफा के रूप में सहायता राशि वितरित की गई। मुफ्ती इरफान मियां फरंगी महली ने कहा कि अल्लाह की इबादत के साथ लोगों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। रमजान से पूर्व लोगों को सहयोग राशी बांटी गई। उन्होंने कहा की इस्लाम धर्म ने शिक्षा दिया कि मालदार लोग समाज के गरीब लोगों की सहायता करें। छात्रों की शिक्षा में मदद करना और मरीज को इलाज प्रदान कराना सबसे नेक काम है। संगठन के द्वारा यह सभी काम लगातार किया जा रहा है। कोरोना के बाद से हर महीने 100 से अधिक परिवारों को राशन किट और लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष सैयद इकबाल हाशमी ने कहा कि परेशान यतीम, बेसहारा लोगों की सेवा करना इबादत है। ईश्वर के बंदों की सेवा करना मानवीय नैतिकता का काम है। सेवा का काम करने वालों की हमेशा सराहना होनी चाहिए। मौजूदा समय में लोग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन परिस्थितियों में गरीबों और बेसहारा जरूरतमंदो तक खाने-पीने का सामान पहुंचाना और आर्थिक मदद करना सवाब का काम है। आल इण्डिया मुहम्मदी मिशन की ओर से ये कार्य लगातार किया जा रहा है।

### कार्यशाला में साइबर क्राइम और डिजिटल माध्यम से बढ़ती तस्करी पर चर्चा

**लखनऊ** । मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में मानव तस्करी के बदलते स्वरूप पर गंभीर चिंता जताई गई। कार्यशाला में लखीमपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, कुशीनगर और गोरखपुर से 120 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने मानव तस्करी की शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट का जिक्र किया। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी डॉ. पी.एम नायर ने मानव तस्करी रोकने में समाज की भूमिका पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक राजेश मणि ने बाल श्रम, मानव तस्करी और सेरोगेसी जैसे मुद्दों पर सतर्कता की आवश्यकता बताई। साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने बच्चों को ऑनलाइन प्रलोभन से बचाने की सलाह दी।

# ऑस्कर योग केन्द्र ने स्नेहधरा वृद्धाश्रम में किया महाकुंभ स्नान का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ** । ऑस्कर योग सांई कृपा सेवा संस्थान ऑस्कर योग केन्द्र ने जानकीपुरम के 316-सरस्वतीपुरम स्थित स्नेहधरा वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों के लिए महाकुंभ के पवित्र जल से स्नान करवाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई। महाकुंभ के संगम से लाए गए पावन जल को विभिन्न ड्रमों में मिलाया गया। उस जल से स्नान कर वृद्धजनों ने अपनी आस्था को अखंड बनाए रखते हुए महा शिवरात्रि के पावन पर्व के दिन, पुण्य अर्जित किया।इस अवसर पर स्नेहधरा वृद्धाश्रम की डायरेक्टर और सृजन फाउण्डेशन की उपाध्यक्षा अर्चना सक्सेना ने स्नेहधरा वृद्धाश्रम परिसर में महाकुंभ के पावन जल से वृद्धजनों के लिए स्नान की सुविधा देने के लिए ऑस्कर योग केन्द्र के संयोजक गणेश शंकर पवार के प्रयासों की प्रशंसा की। समारोह में सृजन फाउण्डेशन के अध्यक्ष अमित सक्सेना ने कहा कि इस प्रयास से निश्चित रूप से उन वृद्धजनों को लाभ मिला जो अधिक उम्र के कारण महाकुंभ में स्नान करने नहीं जा सके। ऑस्कर योग केन्द्र की संचालिका सुमन पवार ने बताया कि उनका केंद्र बीते दस वर्षों से योग के क्षेत्र में जनजागृति ला रहा है। योग से रोगोपचार के लिए वह निरूशुल्क योग शिविर भी आयोजित कर रही हैं। हेल्प लाइन 8081056414 पर वॉट्सऐप से संपर्क किया जा सकता है। विशेष रूप से महिलाओं को इस अभियान के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। लोगों को आस्था से जोड़ने के लिए बीते पन्द्रह वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन हीवेट रोड पर करवाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण और गौरक्षा के प्रति भी लोगों को जागृत किया जा रहा है।

### नेतृत्व क्षमता विकास हेतु कार्मिकों को दिया गया आधारभूत प्रशिक्षण

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में विभिन्न सरकारी अर्धसरकारी विभाग संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रम्य विकास संस्थान ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से एफएसडीए विभाग के 2019 एवं 2022 में नियुक्त लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान पर 11 से 25 फरवरी की अवधि में आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों शासकीय कर्मचारी आचरण नियमावली अनुशासनिक कार्यवाही।

## सम्पादकीय

# शेयर बाजार में गिरावट और सरकार की चुप्पी

भारत के घरेलू बाजार में एक के बाद एक घाटे की खबरें सामने आ रही हैं। शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है, वहीं विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी आई है और इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप की घुड़कियों का असर भी उद्योग जगत पर देखा जा रहा है। हैरानी की बात ये है कि पूरे देश में घूम-घूम कर विकास का ढिंढोरा पीटने वाले प्रधानमंत्री मोदी शेयर बाजार में दिखाई दे रही अभूतपूर्व गिरावट को लेकर बिल्कुल मौन है। मानो उन्हें कोई फर्क ही नहीं पड़ता कि छोटे और मंझोले निवेशकों का पैसा डूबे या वे बर्बाद हो जाएं।दश्री मोदी के हिसाब से तो अब भी भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था भी वे देश में कायम कर ही लेंगे। हालांकि एक जरूरी सवाल तब भी बना रहेगा कि अगर पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था देश में होती है तो इसमें गरीबों का हिस्सा कितना रहेगा और अमीरों का कब्जा कितने पर होगा। क्योंकि अभी तो आर्थिक गैर-बराबरी और बढ़ रही है। वहीं पांच किलो अनाज पर 80 करोड़ लोग अब भी जी रहे हैं। जो मध्यमवर्ग है, उसे भी राहत नहीं है, न ही भविष्य को लेकर वह निश्चिंत हो पा रहा है। पहले अपनी बचत से साधारण नौकरी या कमाई वाला व्यक्ति थोड़ा पैसा बैंक में, थोड़ा शेयर बाजार में या इसी तरह कहीं निवेश कर आड़े वक्त का इंतजाम करता था। अब मोदी सरकार में यह भी मुमकिन नहीं हो रहा। अभी हाल में मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 125 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था, जिसके बाद रिजर्व बैंक ऑफइंडिया ने इसके बोर्ड को भंग कर धन निकासी पर भी रोक लगा दी थी। हालांकि अब खाताधारकों को 25 हजार रुपए तक निकालने की छूट दे दी गई है। लेकिन इसे राहत भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि देश में बैंकिंग व्यवस्था में घोर अविश्वसनीयता बढ़ रही है। बैंक की रकम हड़पने का यह पहला मामला नहीं है, पहले भी अनेक मामले ऐसे हुए और लुटेरे हजारों करोड़ की रकम लेकर विदेशों में जा बैठे हैं। रिजर्व बैंक कार्रवाई तो करता है, लेकिन इसमें भी आम खाताधारक ही पिसता है। उधर शेयर बाजार का भी यही हाल है। इसकी निगरानी करने वाली संस्था सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच पर इतने आरोप लगे, लेकिन सरकार लोगों का भरोसा जीतने के लिए कोई ठोस कार्रवाई करती नहीं दिख रही। उधर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। जानकारों का कहना है कि कोरोना लॉकडाउन या नोटबंदी के वक्त भी बाजार इस तरह नहीं गिरा है। साल 1996 के बाद यह पहला मौका है जब निफ्टी में लगातार पांच महीने गिरावट रहेगी। बताया जा रहा है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण शेयर बाजार में गिरावट आ रही है। पिछले साल अक्टूबर 2024 से विदेशी निवेशक अब तक 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बेच चुके हैं। साथ ही रुपये के कमजोर होने से उभरते बाजारों में निवेश कम आकर्षक हो गया है। इस कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

इसका सीधा मतलब यह है कि मोदी सरकार की नीतियों और फैसलों पर विदेशी निवेशकों का भरोसा उठ चुका है। अजीब बात है कि एक तरफ बिहार, मप्र, उप्र, असम तमाम भाजपा शासित राज्यों में निवेशकों को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। देश के नामी-गिरामी उद्योगपति भाजपा नेताओं और मंत्रियों के साथ मंच साझा कर विकास की गंगा-जमुना बहाने के सपने लोगों को दिखा रहे हैं। सरकारों के साथ उद्योग घरानों के समझौते हो रहे हैं। दावे किए जा रहे हैं कि फ्लाने राज्य में इतने करोड़ की परियोजनाएं शुरु होंगी, तो इतने का मुनाफा होगा, ढिकाने राज्य में इतने लोगों को रोजगार मिलेगा, इतना विकास होगा। लेकिन जमीन पर देखें तो आम जनता के लिए आमदनी अठन्नी, खर्चा रूपैया जैसा हाल ही बना हुआ है। न कहीं बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है, न बड़े कल-कारखाने लग रहे हैं, न आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल व्यापक पैमाने पर उद्योगों में होता दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने संसद में जो चिंता जतलाई थी वह बिल्कुल वाजिब थी कि हम एआई की बात करते हैं, लेकिन बिना डाटा के इसका कोई अर्थ नहीं है। भारत के पास न तो उत्पादन डाटा है, न ही उपभोक्ता डाटा। हमने अपना उपभोक्ता डाटा अमेरिका की बड़ी कंपनियों को दे दिया है और उत्पादन डाटा हमारे पास नहीं है। ऐसे में हमारे विकास का कोई विजन ही नहीं है। राहुल गांधी की बात को एक बार फिर सरकार ने हल्के में उड़ाने की कोशिश की। हालांकि उन्होंने दूरदर्शितापूर्ण बात कही। अगर आज हम बदलते वक्त के साथ औद्योगिक माहौल को नहीं ढालेंगे तो दुनिया में काफी पिछड़ जाएंगे। अभी यही हो रहा है। एक तरफचीन और दूसरी तरफअमेरिका का दबदबा बढ़ता जा रहा है। हमारे यहां दो-चार लोग दुनिया के अमीरों में भले शामिल हों, लेकिन पूरा देश तभी विकास करेगा, जब आम जनता की जेबों में धन आएगा। अभी तो आम जनता केवल इसी माथापच्ची में लगी रहती है कि अपनी सीमित आय को कैसे बचाए। शेयर बाजार की गिरावट उसकी उलझन और बढ़ा रही है। शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों के हाथ खींचने के अलावा ट्रंप की टैरिफपर जैसे को तैसा वाली धमकी भी असर दिखा रही है। अगर नरेन्द्र मोदी हिम्मत दिखा कर ट्रंप को वहीं रोकते और बताते कि अमेरिका को भारत से कितना फायदा मिल रहा है। इतना बड़ा बाजार हमने अमेरिका को दिया है, इसका एहसान प्रधानमंत्री जताते तो शायद बाजार का भरोसा भी बढ़ता।

# भारत तो हमेशा से ही आशा का केन्द्र रहा है, मोदी जी !

डॉ. दीपक पाचपोर

> इसलिये मोदी बेधड़क रोज-रोज नयी-नयी अवधारणाएं जनता के बीच स्थापित करते हैं। दूसरा तथ्य यह है कि उनकी ऑडियेंस उनके जुमलेनुमा कथनों पर भरोसा करने के लिये न सिर्फ तैयार बैठी होती है बल्कि उनका बेसब्री से इंतजार भी करती रहती है। इसलिये वह जल्दी से स्वीकार्यता प्राप्त कर लेती है। उनके कहे का खंडन नक्कारखाने में तूती सदृश्य साबित होता है। ऐसे भी लोग हैं जो जानते हैं कि मोदी जो कह रहे हैं वह यथार्थ से परे हैं लेकिन वे उन पर भरोसा करने तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिये विभिन्न कारणों से प्रतिबद्ध होते हैं। उनके उवाच अंततरू उनकी छवि निखारने का उपक्रम ही होते हैं। इसलिये उनकी भारतीय जनता पार्टी, उसके नेता, कार्यकर्ता, आईटी सेल, समर्थक, प्रशंसक... सारे एक स्वर में उनके उठाये विमर्श को आगे बढ़ाते हैं। मोदी व भाजपा की यही ताकत है।

वैसे तो किसी मिथक के बनने और उसके स्थापित होने में बरसों या सदियां लग जाती हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे गढ़ने और प्रतिस्थापित करने में क्षण भर भी नहीं लगाते और कमाल तो यह है कि वह मिनटों में स्थापित भी हो जाता है। उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में अनेक और अविश्वसनीय किस्म की अवधारणाएं गढ़ने का उनका कारनामा देश देखता आ रहा हैय और वे दुर्भाग्य से स्वीकार्य भी होती चली जा रही हैं। श्पिछले 70 वर्षों से देश में कुछ नहीं हुआश् से लेकर श्देश पर हमेशा से ही भ्रष्टाचारियों का शासन रहा हैश्, श्विपक्ष हमेशा हिन्दू-मुसलमान करता रहा हैश् से लेकर श्नेहरू जी को कृषि की समझ नहीं थीश् तक, श्भाजपा में कोई झूठ नहीं बोलताश् से लेकर श्मेरे लिये पद का नहीं वरन सेवा का महत्व हैश् तक ऐसी अनेकानेक धारणाएं उन्होंने प्रवर्तित कीं तथा उन्हें जनता द्वारा मान्य कराया। अपने जुमलों की तरह मोदीजी द्वारा देशवासियों के जेहन में जिस तरह से परिकल्पनाएं प्रविष्ट की गयीं, उसे उनकी खासियत और सफलता दोनों ही कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा कई शासकीय व अशासकीय कार्यक्रमों में भाषण किये जाते हैं अथवा पार्टी नेता के रूप में वे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हैं या फिर निजी अथवा सार्वजनिक तौर पर जो कहते हैं, उन सभी में एक समानता जरूर होती है- वह है कोई ऐसा आख्यान गढ़ना जो अब तक न सुना गया हो या न कभी देखा गया हो। उनकी बातों को लोगों तक पहुंचाने व उसे मान्यता दिलाने की उनके पास एक सुव्यवस्थित प्रणाली है।

इसलिये मोदी बेधड़क रोज-रोज नयी-नयी अवधारणाएं जनता के बीच स्थापित करते हैं। दूसरा तथ्य यह है कि उनकी ऑडियेंस उनके जुमलेनुमा कथनों पर भरोसा करने के लिये न सिर्फ तैयार बैठी होती है बल्कि उनका बेसब्री से इंतजार भी करती रहती है। इसलिये वह जल्दी से स्वीकार्यता प्राप्त कर लेती है। उनके कहे का खंडन नक्कारखाने में तूती सदृश्य साबित होता है। ऐसे भी लोग हैं जो जानते हैं कि मोदी जो कह रहे हैं वह यथार्थ से परे हैं लेकिन वे उन पर भरोसा करने तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिये विभिन्न कारणों से प्रतिबद्ध होते हैं। उनके उवाच अंततरू उनकी छवि निखारने का उपक्रम ही होते हैं। इसलिये उनकी भारतीय जनता पार्टी, उसके नेता, कार्यकर्ता, आईटी सेल, समर्थक, प्रशंसक... सारे एक स्वर में उनके उठाये विमर्श को आगे बढ़ाते हैं। मोदी व भाजपा की यही ताकत है। नया शोशा जो उन्होंने छोड़ा है वह यह है कि श्इतिहास में यह पहला अवसर है जब दुनिया भारत को लेकर आशावादी हुई है।श् मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अपने भाषण में उन्होंने सोलर ऊर्जा, विदेशी निवेश, एयरोस्पेस कम्पनियों हेतु सप्लाई चेन आदि क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का जिक्र तो किया ही, विश्व बैंक के हवाले से बताया कि देश अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। पीएम कह रहे हैं तो सही ही होगा, लेकिन इस बड़ी या सुपरसोनिक गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का असर जनजीवन पर तो होता हुआ बिलकुल नहीं दिखाई दे रहा है और तीन चौथाई देश कोरोना के बाद से आज तक 5 किलो राशन की लाइन में लगा हुआ है। उस पर भी मोदी को वैसा ही गर्व है जैसा देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने पर हैय पर मूल सवाल यह है कि क्या भारत विश्व की आशा का केन्द्र पहली बार बना हैय और क्या केवल ऐसा भौतिक विकास करने से कोई देश विश्व भर की आशा का केन्द्र बन सकता है जो



कि अपरिभाषित और संदेह के घेरे में है? फिर, क्या वाकई पहली बार भारत की ओर दुनिया आशा भरी निगाहों से देख रही है? मोदी ने यह अपनी लोकप्रियता को बढ़ाने के लिये बयान दिया होगा क्योंकि उनके कथन का अनभिव्यक्त हिस्सा यही है कि ऐसा उनके कारण हो रहा है यानी भारत को इस स्थिति में लाने वाले वे ही हैं। दरअसल यह बात वही कह सकता है जिसके पास सिवा आत्ममुग्धता व अहंकार के कुछ नहीं है। साथ ही यह भी साफहै कि यह विचार तभी आयेगा जब उसने भारत को ठीक से न जाना हो। बेशक मोदी इसका श्रेय लेते रहें कि उन्हीं के कारण दुनिया भारत की ओर देखने लगी है, पर वास्तविकता यह है कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। बल्कि कई-कई बार भारत ने लोगों का ध्यान अपनी ओर उम्मीदगी के साथ खींचा है। वह हमेशा से ही वैश्विक आशा का केन्द्र रहा है। वह भी कोई दो-चार साल, कुछ दशक नहीं वरन सदियों पहले से। ढाई हजार साल पहले का काल याद करें जब केवल भारत नहीं, दुनिया ही हिंसा और गैर बराबरी से परिपूर्ण थी। भगवान महावीर ने अहिंसा तथा बुद्ध ने सम्यक ज्ञान के उपदेश दिये और निराशा व भेदभाव के अंधकार में डूबी दुनिया को राह दिखाई थी। बुद्ध का जलाया दीपक तो पूरे एशिया को आलोकित कर रहा है। आज भी अनेक देशों का वह पथ प्रदर्शक है। भारत तब भी यदि आशा का केन्द्र न होता तो तकरीबन 2000 साल पूर्व भारत के मलाबार तट पर यहूदी न आते, न ही पारसी 1200 वर्ष पहले अपना मूल स्थान फारस (वर्तमान ईरान) छोड़कर गुजरात के संजान तट पर शरण लेतेय और न ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी अत्याचारों से बचकर आये लगभग एक हजार पोलैंडवासी 1942 में जामनगर में आश्रय पाते। हिमाचल प्रदेश के मलाणा गांव में भारत से असफल लौटते सिकंदर (326 ईसा पूर्व) के ग्रीक सैनिकों के तथा गुजरात के जम्बूर में 200 साल पहले बस गये अफ्रीकी कबीले सिद्धि मूल के मजदूरों के वंशज आज भी नहीं बसे हुए होते, गर भारत आशा का केन्द्र न होता। चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने के बाद धर्मगुरु दलाई लामा को 1959 में विश्व के आशा के इसी केन्द्र भारत ने शरण दी थी और इसी कारण से बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना यहां हैं। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन दूसरी बड़ी मिसाल है कि कैसे उसने दुनिया के अनेक देशों को औपनिवेशिक दासता की बेड़ियों को काटकर आत्म मुक्ति के लिये प्रेरित किया था। इस संघर्ष को जिसने राह दिखाई वह महात्मा गांधी थे जिन्होंने गरीब व कमजोर नागरिकों को अहिंसा व सत्य के अमोघ अस्त्र प्रदान किये। आजादी मिली तो बीआर अंबेडकर के संविधान ने देश में सदियों से भेदभाव भरी एक निष्ठुर सामाजिक व्यवस्था के कारण गुलामगिरी कर रहे करोड़ों शोषितों व वंचितों को मुक्त कर उन्हें नागरिक अधिकारों से लैस किया। यही संविधान अपने पन्नों में समानता, स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता और बन्धुत्व के अध्यायों को समेटकर भारत को वैश्विक आशा का एक अक्षुण्ण-अक्षय केन्द्र बनाता है। यदि देश कभी आशा का केन्द्र था ही नहीं, तो प्रकारान्तर से मोदीजी यह भी कह रहे हैं कि भारत की सभ्यता व संस्कृति में उनके आने से पहले ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी पुनर्प्राप्ति का संघर्ष भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है और जिस उद्देश्य को लेकर सौ वर्ष पहले उसकी स्थापना हुई थी।

# साइबर मकड़जाल

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफअभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततरू साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है। जिससे न केवल एक तरह से बंधक बनाये गए युवाओं को मुक्त कराया जा सकेगा बल्कि तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लग सकेगा। दरअसल, इन साइबर अपराधियों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के कारण हर साल कई ट्रिलियन डॉलर का नुकसान विभिन्न देशों की सरकारों को हो रहा है। जो दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी के बराबर है। निश्चित तौर पर यह धनराशि दूसरे अपराधों को सींचने में खर्च की जाएगी। एक ओर जहां देश में युवाओं के विदेश जाने वाली व्यवस्था को पारदर्शी व तार्किक बनाने की जरूरत है, वहीं विदेश में भविष्य चमकाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को जागरूक व सतर्क करने की जरूरत है ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें।

# कम्पनियों को जंगलों में प्रवेश देने से भयभीत वन निवासी

राज कुमार सिन्हा

> सरकारी आंकड़ों के अनुसार,17 राज्यों ने अब तक ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए 57,700 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि को अलग रखा है। मध्यप्रदेश जो देश में सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है। उसने 2 फरवरी तक इस कार्यक्रम के लिए 15,200 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि की पहचान और उसका पंजीकरण किया है जो सभी राज्यों से अधिक है, ऐसा सरकार ने वर्तमान संसद सत्र में बताया है। कोरोना काल में मध्यप्रदेश सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने 20 अक्टूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगड़े वनों को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया।

आधुनिक व्यापार-व्यवसाय ने अब तेजी से प्राकृतिक संसाधनों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जंगल, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई परिभाषा के मुताबिक केवल रिकॉर्ड में दर्ज होना ही काफी है, निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। वन बहुल मध्यप्रदेश की सरकार धीरे-धीरे जंगलों को निजी हाथों में सोंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में फिर से मध्यप्रदेश सरकार ने वनीकरण के लिए बिगड़े वन भूमि को ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए निजी निवेशकों को सौंपने की योजना बनाई है, जिसमें निवेशकों को 50 प्रतिशत लघु वनोपज बेचने का अधिकार भी शामिल होगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार,17 राज्यों ने अब तक ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए 57,700 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि को अलग रखा है। मध्यप्रदेश जो देश में सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है। उसने 2 फरवरी तक इस कार्यक्रम के लिए 15,200 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि की पहचान और उसका पंजीकरण किया है जो सभी राज्यों से अधिक है, ऐसा सरकार ने वर्तमान संसद सत्र में बताया है। कोरोना काल में मध्यप्रदेश सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने 20 अक्टूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगड़े वनों को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया। प्रकृति



को सुधारने के नाम पर मुनाफा कमाते हुए पूंजी बढ़ाने की तरकीब है - श्कार्बन व्यापारश् या कार्बन ट्रेडिंग। वर्ष 2021 में वैश्विक कार्बन क्रेडिट बाजार में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2030 तक इसके 100 बिलियन अमेरिकी डालर पार करने की उम्मीद है। कार्बन व्यापार के जरिए (वनीकरण करके) अन्तराष्ट्रीय बाजार से करोड़ों रुपए कमाना प्राथमिकता में है। भारत सरकार ने 2008 से 12 के बीच बिगड़े वन, गांव का चारागाह एवं पडत-जमीन पर वनीकरण कर श्कार्बन क्रेडिटश् के जरिए 1250 लाख डॉलर कमाने की योजना बनाई थी। विश्वबैंक के आंकलन के अनुसार लकडी, बांस एवं अकाष्ठीय वनोत्पाद का मूल्य 20,000 लाख डॉलर है। संयुक्त वन प्रबंधन इलाके के पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय टूरिज्म का मूल्य 17,000 लाख डॉलर आंका जा रहा है।ग्रीन इंडिया मिशन और रिड्यूसिंग एमिशन फ्रॉम डिफरेस्ट्रेशन एण्ड डिग्रेडेशन (आरईडीडी), जिसे संक्षिप्त में रेड कहा जाता है, के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा अन्तराष्ट्रीय पूंजी लाने की योजना है। पर्यावरण बचाने के नाम पर विश्व बाजार तैयार करना भी अन्तरराष्ट्रीय पूंजी का हिस्सा हो गया है। अब तो श्एनजीओश् भी आदिवासियों को उनके कब्जे की भूमि से बेदखल कर वृक्षारोपण करने का कार्यक्रम चला रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के मानपुर और ताला विकास खंड में आया है, जहां एक संस्था द्वारा आदिवासियों को उनकी वनाधिकार कानून के दावे वाली वनभूमि से हटाकर वृक्षारोपण करने की शिकायत मिली है। पर्यावरण बचाने के नाम पर धन भी बहुत है, लेकिन पूंजीवादी सोच के कारण सब कुछ व्यापारिक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। इससे न तो जंगल और न ही पर्यावरण बच पा रहा है। मध्यप्रदेश में कुल 52,739 गांवों में से 22,600 गांव या तो जंगल में बसे हैं या फिर जंगलों की सीमाओं से सटे हुए हैं। प्रदेश का बड़ा हिस्सा आरक्षित वन है और दूसरा बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य आदि के रूप में जाना जाता है। बाकी बचते हैं वे वन जिन्हें बिगड़े वन या संरक्षित वन कहा जाता है। इन संरक्षित वन में पहले स्थानीय लोगों के अधिकारों का दस्तावेजीकरण किया जाना है इसलिए उनका अधिग्रहण नहीं किया जाना है। ये संरक्षित जंगल उन स्थानीय समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन हैं जो जंगलों में बसे हैं और जिसका इस्तेमाल वे निस्तार जरुरतों के लिए करते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 6520 वनखंडों में प्रस्तावित 30,06,624 हेक्टेयर भूमि के संबंध में वन व्यवस्थापन की कार्रवाई 1988 से लंबित है। भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के तहत वन व्यवस्थापन अधिकारियों को धारा- 5 से 19 तक कार्रवाई कर धारा-20 में आरक्षित वन बनाने की प्रारुप अधिसूचना मय प्रतिवेदन प्रस्तुत करनी थी, जो अब तक लंबित है। प्रश्न उठता है कि वन अधिकार कानून 2006 की धारा 3(1)(झ) द्वारा ग्राम सभा को जंगल के संरक्षण, प्रबंधन और उपयोग के लिए जो सामुदायिक अधिकार दिया गया है या दिया जाने वाला है,उसका क्या होगा।



# हरमनप्रीत के दो गोल की मदद से भारत ने इंग्लैंड को हराया

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड पर कड़े मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल कर एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का शानदार अंत किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो बार (26, 33) स्कोर करके भारत को मंगलवार रात एक महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इसके साथ भारत अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड ने 24 घंटे पहले भारत को रोमांचक 3-2 से हराया था। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रमक अंदाज से की। दूसरे क्वार्टर में पांच मिनट में, अभिषेक ने शानदार स्टिकवर्क का प्रदर्शन किया, एक बेहतरीन क्रॉस देने से पहले तीन डिफेंडरों को चकमा दिया। हालाँकि, सुखजीत सिंह नज़दीक से गोल करने में असमर्थ रहे। इसके तुरंत बाद अभिषेक के पास एक और मौका था लेकिन क्रेग फुल्टन ने उसे नाकाम कर दिया।24वें मिनट में, भारत को एक झटका लगा जब जुगराज सिंह को जैकब पायटन के गलत प्रदर्शन के लिए पीला कार्ड मिला, जिससे अस्थायी रूप से उनकी संख्या दस खिलाड़ियों पर सिमट गई। संख्यात्मक नुकसान के बावजूद, भारत ने आगे बढ़ना जारी रखा और हार्दिक सिंह ने 26वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह बीच में जोरदार प्रहार करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। कप्तान कोनोर विलियमसन ने 30वें मिनट में गेंद को सूरज करकेरा के पास पहुंचाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कलिंगा हॉकी स्टेडियम 33वें मिनट में एक बार फिर गूंज उठा जब हरमनप्रीत ने रात का अपना दूसरा गोल करके भारत की बढ़त बहाल कर दी।

मेहमान टीम ने चौथे क्वार्टर की जोरदार शुरुआत की और 48वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालाँकि, करकेरा ने सैम वार्ड को नकारने के लिए एक शानदार बचाव किया। कुछ ही क्षण बाद, भारत ने तेजी से जवाबी हमला किया, जिसमें हार्दिक सिंह ने सर्कल में एक शानदार ऊंचा पास दिया, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पायने ने अपनी लाइन से हटकर खतरे को दूर कर दिया।

समय समाप्त होने के साथ, इंग्लैंड ने तीन मिनट शेष रहते हुए अपने गोलकीपर को हटा लिया, और बराबरी हासिल करने के आखिरी प्रयास में एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी को शामिल किया।





# हमेशा खास रहेगी टी20 विश्वकप की जीतः बुमराह

एजेंसी

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि टी20 विश्व कप में मिली जीत हमेशा खास रहेगी और उनके दिमाग में रहेगी। आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर के सम्मान से अभिभूत बुमराह ने कहा यह वास्तव में अच्छा लग रहा है। मैंने अपने बचपन के कुछ नायकों जैसे सर गारफील्ड सोबर्स को ट्रॉफी पुरस्कार जीतते देखा था। जब आपको ऐसा सम्मान मिलता है तो यह हमेशा सौभाग्य की बात होती है। 31 वर्षीय बुमराह को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर, आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर और आईसीसी टी20आई टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया था। रविवार को आईसीसी पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बुमराह ने बीते साल को याद करते हुए कहा, टी20 विश्व कप जो हमने जीता वह हमेशा खास रहेगा और मेरे दिमाग में रहेगा। जाहिर है, इस साल मेरे मन में भी बहुत कुछ सीखने को है। हमने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला, हमें कई अलग-अलग अनुभव मिले, इसलिए हां, मैं बहुत खुश हूं और उम्मीद है कि बेहतर चीजें होंगी। साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगी पीठ की चोट के कारण बुमराह को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और उनकी जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शामिल किया गया था। बुमराह ने कहा शमी ने लंबी अवधि की चोट से वापसी की और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की शुरुआती जीत में पांच विकेट लेकर स्टार साबित हुए। मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं। जाहिर तौर पर वह इतने लंबे समय तक चोट से जूझते रहे हैं। वह बहुत खुश और बहुत सकारात्मक हैं। अच्छा लग रहा है, जाहिर तौर पर उसके पास कौशल है, जो कभी कहीं नहीं जाएगा। वह जितना अधिक खेलेंगे, उतना अधिक आत्मविश्वास आएगा और उम्मीद है कि वह टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत की उम्मीद जताते हुये उन्होने कहा माहौल शानदार है। यह टूर्नामेंट लंबे समय के बाद आ रहा है। शुरुआत अच्छी रही है, उम्मीद है कि मैच और भी बेहतर होंगे और प्रतिस्पर्धा होगी।

# भारत बी टीम पाकिस्तान की सर्वश्रेष्ठ टीम को दे सकती है चुनौतीः गावस्कर

एजेंसी



**दुबई।** चैंपियंस ट्राफी में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पाकिस्तानी दिग्गजों के कोपभाजन का शिकार बनी मोहम्मद रिजवान की टीम पर निशाना साधते हुये भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत की दूसरी पंक्ति की टीम पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के लिए गंभीर चुनौती पेश कर सकती है। एक खेल प्रसारण पर बोलते हुए, गावस्कर ने मौजूदा टीम से रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, रिंकू सिंह और यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर करने का हवाला देते हुए भारत के प्रतिभा पूल की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिप्पणी की, मौजूदा पाकिस्तान टीम के लिए भारत की बी टीम को हराना बहुत मुश्किल होगा, हालांकि मैं सी टीम के बारे में निश्चित नहीं हूं। गावस्कर ने भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाइन का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दिया, जिसने युवा खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले क्रिकेट का अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने कहा, आईपीएल ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय क्रिकेट लगातार मैच के लिए खिलाड़ियों को तैयार करता है। कई क्रिकेटरों ने आईपीएल से रणजी ट्रॉफी और फिर राष्ट्रीय टीम में आसानी से बदलाव किया है।इसके विपरीत, भारत के पूर्व कप्तान ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) होने के बावजूद युवा प्रतिभाओं को विकसित करने के पाकिस्तान के संघर्ष पर आश्चर्य व्यक्त किया। गावस्कर ने कहा, पाकिस्तान में हमेशा से ही प्राकृतिक प्रतिभा रही है।

# धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी पाकिस्तान टीम की किस्मत नहीं बदल सकता

## पूर्व कप्तान सना मीर ने की कड़ी आलोचना

एजेंसी



**कराची।** पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने वाली अपने देश की पुरुष टीम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यहां तक कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी इस पाकिस्तानी टीम की किस्मत नहीं बदल सकता है। पाकिस्तान की टीम को अपने पहले दो मैच में न्यूजीलैंड और भारत से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने 'गेम ऑन है' कार्यक्रम में कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या (पाकिस्तान के पूर्व कप्तान) यूनिस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है। मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी 39 वर्षीय सना ने कहा, ''मैं मैच देख रही थी तो तब मेरे एक दोस्त का फोन आया कि भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए हैं मुझे लगता है कि मैच खत्म हो गया है।

# मातृत्व अवकाश से लौटने पर क्वितोवा को बर्रेज से मिली हार

एजेंसी

**ऑस्टिन (टेक्सास)।** पेट्रा क्वितोवा की 17 महीने की अनुपस्थिति के बाद मातृत्व अवकाश से वापसी हार के साथ समाप्त हुई। ब्रिटेन की जोडी बर्रेज ने एटीएक्स ओपन में उन्हे हरा दिया। दो बार की विंबलडन चैंपियन 34 वर्षीय क्वितोवा दो अक्टूबर 2023 के बाद बीजिंग में चाइना ओपन में अपना पहला डब्ल्यूटीए मैच लड़ रही थीं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, चेक खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की और पहला सेट जीत लिया, लेकिन 25 वर्षीय बर्रेज ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 189वें स्थान पर मौजूद बर्रेज़ दूसरे दौर में आस्ट्रेलियाई अजला टोमलजानोविक से खेलेंगी। पिछली जुलाई में अपने बेटे पेट्र को जन्म देने वाली क्वितोवा के टेनिस में वापसी के बारे में संशय व्यक्त किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वह एलीना स्वितोलिना, नाओमी ओसाका और बेलिंडा बेनसिक जैसी साथी खिलाड़ियों को बच्चे को जन्म देने के बाद ऐसा करते देखकर आंशिक रूप से वापस लौटने के लिए प्रेरित हुईं। कोर्ट पर वापस आते हुए, क्वितोवा ने ऑस्टिन में शुरुआती डबल सर्विस ब्रेक के साथ चार गेम की बढ़त बना ली।

जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाली बर्रेज ने कड़ा संघर्ष किया। दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी क्वितोवा, मार्च में 35 साल की हो जाएंगी। उन्होने दूसरे सेट में बर्रेज ने दबाव बनाया, लेकिन उन्होने नौवें गेम में फिर से बाजी मारी और फिर निर्णायक गेम के लिए लव की सर्विस बरकरार रखी। तीसरे सेट की शुरुआत में दोनों खिलाड़ी ब्रेक प्वाइंट के मौके का फायदा नहीं उठा सके। निर्णायक क्षण तब आया जब अगले गेम में क्वितोवा की सर्विस तोड़ने और मुकाबले से बाहर होने से पहले, बुर्रेज़ ने चार ब्रेक प्वाइंट लेकर स्कोर 4-4 कर दिया। साथी ब्रितानी फ्रैन जोन्स मेक्सिको में मेरिडा ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर मौजूद क्वालीफायर जोन्स 6-4, 3-0 से आगे थे, लेकिन प्रतिद्वंद्वी मिस्र के मेयर शेरिफ को रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।



# भारत ने नीदरलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** रोमांचक 2-2 से ड्रा के बाद भारत ने मंगलवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) के दौरान शूटआउट में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर बोनस अंक हासिल किया। दो गोल से पिछड़ने के बावजूद, भारत ने तीसरे क्वार्टर में दीपिका (35) और बलजीत कौर (43) के गोल के साथ वापसी की। नीदरलैंड के लिए कप्तान पिएन सैंडर्स (17) और फे वैन डेर एल्स्ट (28) ने गोल किए। अविश्वसनीय उलटफेर वाली जीत के बाद, हॉकी इंडिया ने प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। सहायक स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 50 हजार रुपये मिलेंगे। भारत के लिए दीपिका और मुमताज खान ने गोल किए जबकि सविता ने महत्वपूर्ण बचाव किए।

# विप्रो ने विप्रो वेंचर्स में किया 20 करोड़ का नया निवेश

एजेंसी




**बेंगलुरु।** प्रमुख प्रौद्योगिकी सेवा और परामर्श कंपनी विप्रो लिमिटेड ने अपने नवीनतम फंडिंग दौर में अपनी उद्यम शाखा विप्रो वेंचर्स में 20 करोड़ डॉलर निवेश करने की आज घोषणा की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 10 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से विप्रो वेंचर्स द्वारा जुटाई गई यह चौथी फंडिंग है और इसका उद्देश्य शुरुआती से लेकर मध्य-चरण के स्टार्टअप में कंपनी के निवेश को गति देना है। 2015 में अपनी स्थापना के बाद से, विप्रो वेंचर्स ने 37 स्टार्टअप में निवेश किया है, 250 से अधिक विप्रो ग्राहकों के लिए समाधान तैनात किए हैं और 12 सफल निकास हासिल किए हैं। विप्रो के सीईओ और एमडी श्रीनि पलिया ने कहा कि यह निवेश स्टार्टअप को तेजी से बढ़ने, नवाचार करने और बड़े उद्यमों का समर्थन करने के लिए आईटी सेवा उद्योग के साथ सहयोग करने में मदद करने की विप्रो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह निवेश विप्रो वेंचर्स के माध्यम से विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में निवेश करने की विप्रो की दशक भर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री पलिया ने कहा, विप्रो वेंचर्स वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप हब में तकनीकी नवाचार में भाग लेने और योगदान देने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। यह नवीनतम निवेश स्टार्टअप को तेज़ी से बढ़ने, नवाचार करने और बड़े उद्यमों का समर्थन करने के लिए आईटी सेवा उद्योग के साथ सहयोग करने में हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम एक सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र की कल्पना करते हैं जहाँ इन उभरती प्रौद्योगिकियों को वैश्विक स्तर पर तैनात किया जा सके, प्रगति को बढ़ावा दिया जा सके और इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाया जा सके। एसवाईएन वेंचर्स के सह-संस्थापक और जनरल पार्टनर जे लीक ने कहा, हम विप्रो वेंचर्स के साथ सह-निवेशक के रूप में वर्षों से काम करके खुश हैं। वे उद्योग में उभरते रुझानों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि विप्रो द्वारा लाया गया मूल्य-वर्धन स्टार्टअप्स को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने और दीर्घकालिक सफलता का आनंद लेने में सक्षम बनाएगा।

# विनिर्माण, फिनटेक स्टार्टअप की मदद के लिए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने देश में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण तथा फिनटेक क्षेत्र में स्टार्टअप इकाइयों के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। पेटीएम इस पहल के अंतर्गत पेटीएम साउंडबॉक्स और पीओएस/ईडीसी डिवाइस निर्माताओं जैसे फिनटेक हार्डवेयर निर्माताओं को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ने में सहायता करने के लिए समर्पित कार्यक्रम शुरू करेगा। इन पहलों में मेंटरशिप प्रोग्राम, निवेशकों से जुड़ाव और इनक्यूबेशन प्रोग्राम के माध्यम से फंडिंग तक पहुंच, उद्योग-केंद्रित कार्यशालाओं के साथ विनियामक मार्गदर्शन और समय-समय पर ट्रैकिंग और प्रभाव आकलन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपनी सीएसआर शाखा, पेटीएम



फाउंडेशन के माध्यम से, कंपनी क्लाइमेट टेक, वेब3, एग्रीटेक और मोबिलिटी में डीप-टेक स्टार्टअप की सहायता कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सहयोग के तहत पेटीएम स्टार्टअप्स को सलाह, आधारभूत संरचनात्मक सहायता, बाजार तक पहुंच और फंडिंग के अवसर प्रदान करेगा, जिससे उन्हें आगे बढ़ने और नवाचार करने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य उद्यमियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है, जिससे अत्याधुनिक भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने की उनकी क्षमता बढ़े। डीपीआईआईटी के अनुसार इस साझेदारी का उद्देश्य फिनटेक हार्डवेयर स्टार्टअप को सलाह और नवाचार मार्गदर्शन के माध्यम से सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्हें भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने और बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसके तहत कार्यशालाओं का आयोजन करके और उद्योग और सरकारी निकायों के सहयोग से मार्गदर्शन प्रदान करके विनियामक और अनुपालन सहायता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी बुनियादी अवसंरचना और बाजार पहुंच सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्टार्टअप पेटीएम के व्यापक व्यापार नेटवर्क का लाभ उठाते हुए अपने उत्पादों की जांच, सत्यापन और परिशोधन कर सकेंगे। डीपीआईआईटी के निदेशक डॉ सुमीत कुमार जारंगल और पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाला अस्पताल बनेगा, स्वास्थ्य सेवायें बढ़ेगी : पीयूष गोयल

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तरी मुंबई के विकास में देवेंद्र फडनवीस सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा है कि पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सेवाओं में वृद्धि होगी।

श्री गोयल उत्तरी मुंबई में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस के साथ क्षेत्र की 15 स्व-पुनर्विकसित आवासीय समितियों के आवास स्वामियों को उनके मकान की चाबियां वितरित करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री गोयल ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार



शहरी पुनर्विकास और बुनियादी अवसरंचना के विकास में महाराष्ट्र सरकार को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देते हुये कहा कि सरकार बेघर लोगों और वर्तमान में उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य परिवारों का भविष्य सुरक्षित करना, बच्चों और भावी पीढ़ियों के लिये एक स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल ने उत्तरी मुंबई में हुये विकास कार्यों का उल्लेख करते हुये कहा, मगाथाने मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है और पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण की योजना है, जिससे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सेवाओं में वृद्धि होगी। श्री गोयल ने कॉस्टल रोड़ (वर्ली-बांद्रा) का वर्सोवा तक विस्तार और अटल सेतु के माध्यम से नये हवाई अड्डे को जोड़ने वाली प्रस्तावित तटीय सड़क सहित प्रमुख बुनियादी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए श्री फडणवीस की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये परियोजनायें मुंबई में भीड़भाड़ को कम करने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। श्री गोयल ने नागरिक समस्याओं के समाधान में महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों की भी सराहना की।

# माइक्रोमैक्स सौर पैनल निर्माण के लिए स्टार्टअप एनर्जी शुरू किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखते हुए 'स्टार्टअप एनर्जी' उद्यम शुरू करने की घोषणा की, जिसके तहत कंपनी आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए सौर पैनल का निर्माण करेगी। माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल ने कहा, हमारा लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा को अधिक सुलभ, विश्वसनीय और किफायती बनाना है। उन्नत सौर पैनल निर्माण में निवेश करके हम भारत के ऊर्जा आत्मनिर्भरता मिशन का समर्थन करना चाहते हैं और एक हरित एवं संधारणीय भविष्य में योगदान देना चाहते हैं। गुरुग्राम स्थित माइक्रोमैक्स ने पांच गीगावाट उन्नत सौर मॉड्यूल निर्माण के लिए जिनचेन के साथ रणनीतिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।



इस परियोजना को कई चरणों में लागू किया जाएगा। कंपनी ने कहा, जिनचेन की उन्नत विनिर्माण विशेषज्ञता और माइक्रोमैक्स की तकनीकी नवाचार क्षमताओं के साथ, 'स्टार्टअप एनर्जी' भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारत का सौर ऊर्जा क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। सरकार ने 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है, जिससे स्थानीय रूप से निर्मित और उच्च गुणवत्ता वाले सौर पैनलों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

# संक्षिप्त सामाचार

## महाशिवरात्रि पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब गुरुवार से सामान्य कामकाज होगा।

## शार्प बिजनेस सिस्टम्स का पिक्सेल एज इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड

**नयी दिल्ली।** शार्प बिजनेस सिस्टम्स इंडिया ने आज पिक्सेल एज के लॉन्च की घोषणा की जिसे एक इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड है जो भारत में बनाया गया है और विशेष रूप से बी2बी ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस अत्याधुनिक स्मार्टबोर्ड का उद्देश्य आधुनिक कार्यस्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में संचार और सहयोग में क्रांति लाना है। अत्याधुनिक तकनीक को उपयोगकर्ता-केंद्रित सुविधाओं के साथ मिलाकर, पिक्सेल एज टीमों के जुड़ने, विचार-विमर्श करने और नवाचार करने के तरीके को फिर से परिभाषित करता है। यह समाधान विज़ुअल संचार के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है, जो व्यवसायों और कक्षाओं के लिए अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा, स्पष्टता और अन्तरक्रियाशीलता प्रदान करता है। पिक्सेल एज इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड एक गेम-चेंजिंग लार्ज फ़ॉर्मेट डिस्प्ले है जो कॉन्फ़्रेंस रूम, कक्षाओं और रचनात्मक स्थानों में सहयोग को बढ़ाता है।

## कारदेखो ग्रुप ने यूएई बाजार में किया प्रवेश

**नयी दिल्ली।** ऑटो-टेक और फिनटेक समाधान प्रदाता कारदेखो ग्रुप ने आधिकारिक तौर पर राया होल्डिंग्स के साथ साझेदारी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह कदम शेख मोहम्मद बिन सुल्तान बिन खलीफा बिन जायद अल नाहयान के मार्गदर्शन में उठाया गया है। कंपनी अब यूएई बाजार की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करेगी, जिसका लक्ष्य कार खरीदारों, ब्रांडों और डीलरों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करना है। कारदेखो का एकीकृत इकोसिस्टम, जिसमें विज्ञापन, लीड मैनेजमेंट और डिजिटल कंटेंट समाधान शामिल हैं, का उद्देश्य यूएई के उपभोक्ताओं के लिए कार खरीदने की यात्रा को फिर से परिभाषित करना है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और फिजिकल डीलरशिप के बीच की खाई को पाटकर, कारदेखो एक कुशल और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना चाहता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में डिजिटल रूप से समझदार खरीदारों की उभरती प्राथमिकताओं को पूरा करना है।

## वेंडिंग प्लानरों की बढ़ रही है मांग

**नयी दिल्ली।** लोगों में स्थान विशेष पर जाकर शादी करने की बढ़त चाहत से देश में वेडिंग प्लान करने वालों और इससे जुड़ी गतिविधियों वाले क्षेत्रों में युवाओं की मांग में तेजी आ रही है। इनडीड ने नए आँकड़े जारी किए हैं, जिनमें सामने आया है कि ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में रिक्त पदों के लिए नौकरी के इच्छुकों की रुचि में पिछले शादी के मौसम (नवंबर 2024-जनवरी 2025) के मुकाबले चालू सीजन में 37 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। इस वृद्धि में शादियों की अहम भूमिका रही, जिससे रिज़ॉर्ट मैनेजर्स, होटल स्टाफ, ट्रैवल एजेंट्स, बैंक्वेट को-ऑर्डिनेटर्स, और डेकोरेटर्स की मांग को बल मिला। वेडिंग प्लानर्स की मांग सबसे ज्यादा बढ़ी, जिसके लिए क्लिक्स में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



# कैग रिपोर्ट सार्वजनिक हो पीएसी करे इसकी जांचः कांग्रेस

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली की आबकारी नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर पेश करने का स्वागत किया है, लेकिन कहा है कि इसे सार्वजनिक कर लोक लेखा समिति (पीएसी) से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने कैग की 14 में से एक रिपोर्ट ही विधानसभा के पटल पर रखी है और इससे साफ है की शराब नीति घोटाले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शामिल है इसलिए रिपोर्ट को सार्वजनिक कर इस घोटाले को सबके सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने आबकारी घोटाले की व्यापक जांच कराने की मांग करते हुए कहा, कांग्रेस को पहले से संदेह था कि इस नीति में बहुत सारी अनियमितताएं हैं जिससे सरकार के राजस्व पर असर पड़ने वाला है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी लिखित शिकायत भी की थी, जिसमें भाजपा के संलिप्त होने के भी सबूत थे। ऐसे में सवाल है कि विधानसभा में आबकारी नीति से जुड़ी सभी 14 रिपोर्ट्स पेश क्यों नहीं की गई। इस रिपोर्ट की पीएसी से जांच हो। इस पर जल्द से जल्द पीएसी बनाई जाए ताकि इस रिपोर्ट की जांच हो सके और जो भी लोग लूट में शामिल थे, उन्हें सजा मिले। कांग्रेस नेताओं ने मांग करते हुए कहा, हमारी मांग है कि इन रिपोर्ट्स को सार्वजनिक तौर पर चर्चा में लाया जाना चाहिए। भाजपा के कुछ बड़े नेता और तत्कालीन उप-राज्यपाल की भूमिका से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं जिन्हें कैग रिपोर्ट में नजरअंदाज किया गया है। एक साल के अंदर तीन आबकारी निदेशक बदलने का निर्णय क्यों और किसने लिया। दिल्ली में शराब के नए ब्रांड्स को बढ़ावा देना का काम किया गया इसकी जांच होनी चाहिए। केजरीवाल सरकार की शराब नीति को लागू करने की अनुमति तत्कालीन राज्यपाल ने दी थी आज तक इसकी जांच क्यों नहीं हुई। मास्टर प्लान का उल्लंघन कर शराब के ठेके खोलने के लाइसेंस कैसे दिए गए। उन्होंने कहा, कैग रिपोर्ट को लूट, झूठ और फूट इन तीन शब्दों में बयां किया जा सकता है। रिपोर्ट से पता चलता है कि दिल्ली की जनता के पैसों को लुटाया गया। आम आदमी पार्टी सरकार कहती रही है कि हम सरकार के राजस्व को बढ़ा रहे हैं, लेकिन सच यह है कि 2002 करोड़ की लूट को अंजाम दिया गया। इसके अलावा, एक्सपर्ट्स कमेटी की सलाह को भी नजरअंदाज किया गया। रिपोर्ट से यह भी खुलासा हो गया है कि कैसे आम आदमी पार्टी के लोग इस लूट को लेकर जो झूठ बोल रहे थे।

# स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास करें महिलाएंः मुर्मु

एजेंसी



**गढ़ा (छतरपुर)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश की महिलाओं का आह्वान करते हुए आज कहा कि महिलाएं स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास करती रहें क्योंकि महिलाओं के सफल होने से समाज सफल होता है। श्रीमती मुर्मु मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा ग्राम स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, खजुराहो सासंद और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी उपस्थित थे। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वे 251 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़े, उनकी यही कामना है। इसके साथ ही उन्होंने नवयुगलों को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि ये समारोह जन सहयोग से हो रहा है और इसमें नवयुगलों को आवश्यक सामान दिया जा रहा है। ये जनकल्याण का कार्य है। आज विवाह बंधन में बंधने वाले दंपत्ति इस दिवस की स्मृतियों को संजो कर रखेंगे, ऐसा विश्वास है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत की परंपरा में संतों ने सदा से अपने कर्मों और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है। समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वास के प्रति जागरुक किया है। भेदभाव को दूर किया है। संतों ने महिला को समाज में उचित स्थान देने के प्रयास किए हैं। उन्होंने कई संतों के नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने सदा समाज कल्याण के कार्य किए हैं।

## संक्षिप्त सामाचार

### पंजाबी को पंजाब में मुख्य भाषा के रूप में नामित किया जायेः बैंस

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के नये परीक्षा स्वरूप का विरोध करते हुए कहा कि इससे भाजपा नीत केंद्र सरकार का पंजाब विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है। श्री बैंस ने कहा कि सीबीएसई कक्षा 10वीं के नये परीक्षा स्वरूप में पंजाबी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। यह देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, हम इस कदम का कड़ा विरोध करते हैं और केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि पंजाबियों को उनका उचित स्थान और सम्मान तुरंत बहाल किया जाए।

हम सीबीएसई के नये परीक्षा स्वरूप योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हैं, जो पंजाबी को मिटाने का प्रयास करती है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाबी को पंजाब में मुख्य भाषा के रूप में नामित किया जाना चाहिए और आगे देश के बाकी हिस्सों के लिए सीबीएसई में एक क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि यह कई राज्यों में बोली और पढ़ी जाती है। उन्होंने कहा कि पंजाबी पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### श्वान ने हमला कर मां, दो बच्चों को नोच डाला

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के कोटडी थाना क्षेत्र में सिंहजी का खेडा गांव में श्वान ने बुधवार को घर से खेत जा रही महिला, उसके मासूम बेटे एवं बेटी पर हमला कर दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। कुत्ते के इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सिंहजी का खेड़ा निवासी नारायणी गुर्जर बुधवार पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे घर से खेत जा रही थी। उसके साथ नौ साल की बेटी शिवानी और छह साल का बेटा राजवीर भी था। तीनों पैदल चल रहे थे। इस बीच, झाडियों से अचानक निकले कुत्ते ने महिला एवं उसके बेटे-बेटी पर हमला कर दिया। श्वान ने राजवीर के पेट एवं गाल, बेटी के कूल्हे और नारायणी के गाल और हाथ को गंभीर क्षति पहुंचायी, इससे तीनों लहूलुहान हो गये। कुत्ते की मां-बेटे-बेटी पर हमले की खबर से गांव में हडकंप मच गया। घटना की सूचना पर ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंचे। तीनों को पहले कोटड़ी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

### कुख्यात अपराधी भोला यादव समेत दो गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी भोला यादव समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की देर रात सूचना मिली थी कि काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव निवासी अपराधी भोला यादव अपने एक सहयोगी के साथ नासरीगंज थाना क्षेत्र के ही किसी बालू घाट में पुन: किसी घटना को अंजाम देने के लिए साबदला गांव के पास एकत्रित होने वाला हैं। इस सूचना के आलोक में बिक्रमगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई प्रारंभ की। नासरीगंज थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज-डेहरी मार्ग पर पडुरी गांव के समीप बाइक सवार भोला यादव एवं उसके सहयोगी दरिहट थाना क्षेत्र के बेरकप गांव निवासी मिथिलेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया।

# ज़ेलेंस्की वाशिंगटन आते हैं तो उन्हें कोई दिक्कत नहींः ट्रम्प

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की उनसे मिलने वाशिंगटन आते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ट्रंप ने कहा, मैंने सुना है कि वह शुक्रवार को आ रहे हैं, अगर वह आना चाहें तो निश्चित रूप से मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है।

इससे पहले मंगलवार को, 'फॉक्स न्यूज' ने बताया था कि ज़ेलेंस्की इस शुक्रवार को ट्रम्प के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन की यात्रा करने वाले हैं, इन खबरों के बीच कि कीव महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी पर समझौते के संशोधित संस्करण पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमत हो गया है। ट्रंप ने कहा, हम कह रहे हैं कि देखो... हम वह पैसा वापस पाना चाहते हैं। मंगलवार को ब्लूमबर्ग ने बताया कि यूक्रेन सरकार 26 फरवरी को अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने की सिफारिश कर सकती है। प्रस्तावित समझौते से वाशिंगटन को यूक्रेन के संसाधन राजस्व का हिस्सा मिलेगा। नवीनतम मसौदे में एक महत्वपूर्ण संशोधन यूक्रेन के लिए तेल, गैस और खनिजों की बिक्री से 500 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व देने की पिछली आवश्यकता को हटा देता है। सूत्रों ने अखबार को बताया कि बातचीत जारी है और अंतिम शर्तें अभी भी बदल सकती हैं।

# पवित्रा मार्गेरिटा 28-08 मार्च तक चार देशों की यात्रा पर जायेंगे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा 28 फरवरी से 08 मार्च तक उरुग्वे, बहामास, बारबाडोस और निकारागुआ चार देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश राज्य मंत्री 28 फरवरी - 02 मार्च तक उरुग्वे, 02-04 मार्च तक बहामास, 04-06 मार्च बारबाडोस और 06-08 मार्च तक निकारागुआ की आधिकारिक यात्रा करेंगे। उरुग्वे में, विदेश राज्य मंत्री 01 मार्च को ओरिएंटल गणराज्य उरुग्वे के निर्वाचित राष्ट्रपति यामांडू ओरसी के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बहामास की यात्रा नवंबर 2024 में गुयाना में दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों के बीच चर्चा के बाद होगी। बारबाडोस में श्री मार्गेरिटा न केवल अत्यधिक सफल भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन और नवंबर 2024 में हमारे दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रतिष्ठित पुरस्कार बारबाडोस की स्वतंत्रता का मानद आदेश भी प्राप्त करेंगे।

श्री मार्गेरिटा अपनी यात्रा के अंतिम चरण में निकारागुआ में होंगे जहां वह द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। विदेश मंत्रालय से निकारागुआ की यह पहली मंत्रिस्तरीय यात्रा होगी। अपनी चार देशों की यात्रा के दौरान विदेश राज्य मंत्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्रियों के साथ बैठकें, प्रमुख राजनीतिक, व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत और द्विपक्षीय विकास साझीदारी परियोजना स्थलों की यात्रा शामिल होगी।

# पालघर जिले के बोईसर में राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्यगाथा नाट्य मंचन देखने लिए उमड़ी भीड़

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** जिले के बोईसर में संस्कार,सामर्थ्य,सदाचार और सेवा से ओतप्रोत कार्य की प्रेरणा दे रही विश्वमांगल्य सभा द्वारा एम 3 एम फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में औद्योगिक शहर बोईसर प.चित्रालय रोड पर अवस्थित सर्कस ग्राऊंड में सोमवार,24 फरवरी की शाम पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर के जन्म के त्रिशताब्दी समारोह के अवसर पर विराट एवं भव्य रुप से जिले में पहली बार रंगबिरंगी रोशनी से नहाई बड़े स्टेज पर %राष्ट्रसमर्था- देवी अहिल्या की पुण्यगाथा% का हिंदी में नाट्य मंचन का सुंदर आयोजन को देखने के लिए समूचे बोईसरकर उमड़ पड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा समाज की महारानी के प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा मल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन से की गयी। कार्यक्रम की शुभेच्छा भेंट प्रकट करने के लिए मंच पर विराजमान प्रमुख अतिथियों में विठ्ठल कांबले कार्यवाहक कोंकण प्रांत रा.स्व.संघ,प्रसिद्ध उद्योजक सुरेश भगेरिया चेयरमैन मेसर्स भगेरिया इंडस्ट्रीज लि.,सांसद डा.हेमंत विष्णु सावरा और विशिष्ट अतिथि स्वामी भारतानंद सरस्वती,प्रशांत हरतालकर राष्ट्रीय परामर्श दाता,नालिनी हावरे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,डा.वृषाली जोशी राष्ट्रीय संगठन मंत्री तथा उज्जवला कांबले मुंबई प्रांत अध्यक्ष %विश्वमांगल्य सभा% ने आतिथ्य सत्कार के उपरांत बारी-बारी से अपने संबोधन में भाषा वाद,प्रांत वाद,समाजवाद और वर्ण के भेद से उपर उठकर राष्ट्र हित एकजुट रहने देश की अमर सपूतों व रणरागिणीयों की वीर गाथाओं को पढने मनन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का शोभा बढाने के लिए तमाम राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता,समाजसेवी,सभ्रांत नागरिक समूचे जिले से उपस्थित रहे।

# यमुना में हरियाणा के 113 कारखानों का गंदा पानी जा रहा: सैलजा

एजेंसी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण यमुना का जल प्रदूषित होता जा रहा है और इस नदी में प्रदेश की करीब 113 फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त गंदा पानी बिना ट्रीट किये डाला रहा है। कुमारी सैलजा ने यहां जारी बयान में कहा कि हाल में ही हरियाणा राज्य केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों के एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी की जांच में अनियमिततायें पाई गई हैं। यानी हरियाणा में यमुना नदी का पानी दूषित हो रहा है। प्रदेश में 113 फैक्ट्रियों का गंदा पानी सीधे यमुना में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर, सोनीपत और पानीपत में औद्योगिक क्षेत्र में चल रही फैक्ट्रियों से गंदा पानी निकलकर सीधे यमुना में मिल रहा है। हथिनी कुंड बैराज से निकलने वाली यमुना नदी सबसे पहले यमुनानगर में प्रवेश करती है, बाद में करनाल, पानीपत, सोनीपत और फरीदाबाद से होकर गुजरती है। इस नदी की कुल लंबाई 1317 किलोमीटर है, जबकि हरियाणा में कुल लंबाई 320 किलोमीटर है। यमुनानगर में 65 किलोमीटर का सफर तय करती है। यमुनानगर से ही इस नदी का जल प्रदूषित होना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि एसटीपी के बाद भी पानी नहर में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि यमुना नदी का जल प्रदूषित होने से लोगों की धार्मिक आस्था भी आहत हो रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार औद्योगिक इकाइयों से निकल रहे केमिकल युक्त पानी व सीवरेज के बहाव को रोकने के आदेश तो देती है, पर उस पर अमल नहीं करती। उन्होंने कहा कि हैवी मेटल (इंडस्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी) से कैंसर, दिमाग का विकसित नहीं होना, किडनी फेल होना, फेफड़ों और अन्य बीमारियां हो सकती हैं।

### पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा, चार वाहन जब्त

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने चोरी की एक श्रृंखला में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी हुए चार वाहनों को भी सफलतापूर्वक बरामद किया है। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने बुधवार को बताया कि 20 फरवरी को कोट कलां चौक, जालंधर के पास नियमित गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों के एक समूह को रोका और बिना पंजीकृत नंबर प्लेट वाली एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की। संदिग्धों की पहचान अजय चौधरी उर्फ पुन्नी, निवासी गांव कोट कलां, जालंधर, हरि सिंह उर्फ हरि निवासी गांव कोट खुराद, जालंधर और विशाल उर्फ रूह निवासी जगत जिन गांव प्रागपुर, जालंधर के रूप में हुई। पुलिस आयुक्त कौर ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों ने एक बड़े चोरी गिरोह में शामिल होने की बात कबूल की।

# बांग्लादेश के अल्पसंख्यक भारत की चिंता नहीं

## जयशंकर के बयान पर पड़ोसी देश को लगी मिर्ची

एजेंसी



**ढाका।** विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश ने आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर भारत के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं भारत के लिए चिंता का विषय नहीं होनी चाहिए। उनकी टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया चिंताओं और उन आरोपों के जवाब में आई है कि ढाका अपने आंतरिक मुद्दों के लिए नई दिल्ली को दोषी ठहरा रहा है। हुसैन के हवाले से कहा गया है कि बेशक, बांग्लादेश अपना रुख तय करेगा। लेकिन साथ ही, भारत को भी यह तय करने की जरूरत है कि वह बांग्लादेश के साथ किस तरह का रिश्ता चाहता है। यह आपसी मामला है और इसे कहने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देते हुए भारत के साथ अपने संबंधों पर बांग्लादेश के स्पष्ट रुख पर जोर दिया। हुसैन ने संवाददाताओं से कहा, हम आपसी समझ पर आधारित संबंध चाहते हैं और हमारी स्थिति में कोई अस्पष्टता नहीं है। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंधों में अभूतपूर्व तनाव के बीच, ओमान में पड़ोसी देश के कार्यवाहक प्रशासन के अपने समकक्ष तौहीद हसन से मुलाकात के कुछ दिनों बाद, विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने भारत के खिलाफ बिल्कुल हास्यास्पद आरोप लगाने के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेताओं को खूब सुनाया है। एस जयशंकर ने नई दिल्ली में एक सार्वजनिक समारोह में कहा कि अगर हर दिन, अंतरिम सरकार में कोई खड़ा होता है और हर चीज के लिए भारत को दोषी ठहराता है, तो अगर आप रिपोर्टों को देखें तो उनमें से कुछ चीजें बिल्कुल हास्यास्पद हैं। जयशंकर ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि एक ओर, आप यह नहीं कह सकते कि मैं अब आपके साथ अच्छे संबंध रखना चाहूंगा, लेकिन मैं हर सुबह उठता हूं और जो कुछ भी गलत होता है उसके लिए आपको दोषी ठहराता हूं। यह एक निर्णय है जो उन्हें अवश्य लेना चाहिए। बांग्लादेश के साथ भारत के विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, जो 1971 से चले आ रहे हैं, जब भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी ने पश्चिमी पाकिस्तान (पाकिस्तान) से पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाने जाने वाले हिस्से को आज़ाद कराया था, जयशंकर ने बांग्लादेश से अपना मन बनाने के लिए कहा कि वह भारत के साथ किस तरह का रिश्ता चाहता है।

### कई लाख की अफ़ीम के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून/नैनीताल, देहरादून।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद में राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल के नशारोधी दल ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब ढाई किलो अफ़ीम बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी गई है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बुधवार को बताया कि एएंनटीएफ की कुमायूं यूनिट ने मंगलवार देर शाम थाना किच्छा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही की। जहां दरउ मार्ग के पास से दो अफ़ीम तस्करों भानु प्रताप, निवासी ग्राम खानपुर, थाना भोजीपुरा, जिला बरेली तथा हेमंत कुमार, निवासी ग्राम चक्दाहा थाना शाही, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश)को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों के कब्जे से कुल दो किलो 513 ग्राम अफ़ीम बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम अनुमानतः पच्चीस लाख रुपए की है। श्री भुल्लर ने बताया कि अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि वे यह अफ़ीम मीरगंज (बरेली) से लाये थे और किच्छा, रुद्रपुर, बाजपुर क्षेत्र में बेचने ले जा रहे थे।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007